जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 45 संख्याः 293 प्रभात बीकानेर, बुधवार 15 मई, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

'संदेशखाली में आंदोलनकारी महिलाओं को चुप बैठने के लिए 3 से 4 लाख रू. की पेशकश'

गिरफ्तार महिला गीता के पति ने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। पश्चिम बंगाल का संदेशखाली क्षेत्र जल रहा है क्योंकि राज्य सरकार यहां एक के बाद एक गिरफ्तारी कर रही है। यहां आठ जनों को गिरफ्तार किया गया है।

गीता नामक महिला जिसे परसों रात्रि गिरफ्तार किया गया था, के पति ने एक ताजा बयान दिया और दावा किया कि बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी के आंदोलनकारियों को विरोध प्रदर्शन से दूर रहने और तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में जाने के लिए तकरीबन 3 से 4 लाख रूपए ऑफर किए थे।

अब भाजपा नेता शॉमिक भट्टाचार्य ने कहा है कि सत्तारूढ़ पार्टी स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने के लिए गुण्डों और बाहरी लोगों को ला रही है।

दूसरी ओर, संदेशखाली की महिलाओं ने इस पूरे प्रकरण की किसी केन्द्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। राज्य पुलिस अब पूर्व में लगाए गए हत्या, भूमि कब्जा और यौन दुर्व्यवार के सभी आरोपों को नकार रही है।

- संदेशखाली में महिलाओं ने सारे मामले की केन्द्रीय जांच एजेन्सी से जांच कराने की मांग की, उनका कहना है कि, राज्य पुलिस तो पूर्व में लगाए गए, हत्या, जमीन पर कब्जा और यौन उत्पीड़न के सभी आरोपों से इंकार कर रही है।
- संदेशखाली में राज्य पुलिस चुन-चुन कर शिकायत करने वाली महिलाओं को निशाना बना रही है, ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि, किसी केन्द्रीय एजेन्सी से जांच शुरू क्यों नहीं करवाई गई है।
- संदेशखाली में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। महिलाएं रात में पहरा दे रही हैं। ज्ञातव्य है कि, ममता बनर्जी ने बंगाल की महिलाओं से एक बार कहा था कि, जो भी हाथ लगे, झाड़ू या डंडा, उसे लेकर बाहर निकलें। अब संदेशखाली में महिलाएं वही कर रही हैं। भाजपा व स्थानीय लोगों का आरोप है कि, तृणमूल बाहरी लोगों को बुला रही है, स्थानीय महिलाओं को धमकाने के लिए।

इसे लेकर भी प्रश्न किए जा रहे हैं कि मामलों की जांच राज्य पुलिस कर रही है तो किसी केन्द्रीय एजेंसी से जांच क्यों नहीं करवायी जा रही।

सीनियर एक्टर मिथुन चक्रवर्ती, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एवं तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ प्रचार के लिए हर जिले का दौरा कर रहे हैं।

चक्रवर्ती ने अपनी फिल्मों के कुछ पुराने गाने का उल्लेख किया और मुख्यमंत्री के दावों पर पैरोडी बनाई। उन्होंने कहा कि उन्होंने बंगाल को लेकर गाने गाए, लेकिन अब वह देख रहे हैं कि बंगाल कंगाल बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ममता चोट लगने के बहाने बना रहीं हैं, जो सिर्फ चुनाव जीतने की ट्रिक है।

तृणमूल कांग्रेस की ओर से भी कई अभिनेता उम्मीदवार हैं। तृणमूल में पूर्व सांसद एवं लोकप्रिय अभिनेता देब भी पार्टी प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वे स्वयं भी चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं क्योंकि संसदीय चर्चाओं के दौरान

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

18 साल से लंबित पट्टा सात दिन में देने के आदेश

जयपुर, 14 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने 18 साल पहले नीलामी में खरीदी गई जमीन का नगर निगम की ओर से पट्टा जारी नहीं करने के मामले को गंभीरता से लिया है और नगर निगम को कहा है कि, वह सात दिन में जमीन का पट्टा जारी करे। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने स्वायत्त शासन निदेशक को 21 मई को व्यक्तिगत या

- राजस्थान हाई कोर्ट ने 18 साल पहले नीलामी में खरीदी गई ज़मीन का नगर निगम द्वारा पट्टा जारी नहीं करने को गंभीर माना तथा स्वायत्त शासन निदेशक से कहा कि, सात दिन में पट्टा जारी करें और अदालत में पेश होकर बताएं कि, अब तक पट्टा जारी क्यों नहीं हुआ।

वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए पेश होकर शपथ पत्र के जरिए पट्टा जारी नहीं करने का कारण बताने को कहा है। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश मनोज अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि, अदालत में पेश दस्तावेजों से स्पष्ट है कि,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

उत्तर प्रदेश के शेष चरणों के चुनाव में भारी चुनौतियां हैं भाजपा के समक्ष

राजनैतिक हलकों में सवाल है कि, क्या भाजपा यहां पिछला प्रदर्शन दोहरा पाएगी?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। भाजपा के पहले चार चरणों के मतदान में क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने की अटकलों के बीच पार्टी भाजपा अब राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य, उत्तर प्रदेश में बची हुई सीटों पर मतदान के संदर्भ में एक बड़ी चुनौती की तरफ बढ़ती हुई प्रतीत हो रही है।

अभी तक उत्तर प्रदेश में 80 में से 39 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है और बची हुई 41 सीटों पर पांचवे, छठे और सातवें चरण में मतदान होना है। वर्ष 2019 के चुनावों में इन 41 सीटों में से भाजपा ने अपने दम पर 31 सीटें और उसके गठबंधन सहयोगी अपना दल ने 2 सीटें जीती थीं। जिन सीटों पर अभी मतदान होना है, वे पूर्वी उत्तर प्रदेश की हैं। इस क्षेत्र में परम्परागत रूप से, सोशलिस्ट पार्टियां मजबूत रही हैं। हालाकि, भाजपा वर्ष 2014 और 2019 के चुनावों में उनके गढ़ में सेंध लगाने में सफल हो गयी थी। पर सवाल यह है कि क्या भगवा पार्टी इस क्षेत्र में अपना प्रदर्शन दोहरा सकती है?

- तीन चरणों के चुनाव में यू.पी. में 41 सीटों पर चुनाव होगा। गत चुनाव में भाजपा ने इनमें से 31 सीटें जीती थीं, 2 सीटें भाजपा के सहयोगी दलों को मिली थीं।
- अब जिन 41 सीटों पर चुनाव होना है वे पूर्वी उत्तर प्रदेश की हैं और विधानसभा चुनावों में भाजपा को यहां भारी नुकसान उठाना पड़ा था।
- यहां तक कि, अयोध्या की चार सीटों में से भी भाजपा दो ही जीत पाई थी। मुद्दा यह है कि, इस बार के लहर रहित चुनाव में क्या भाजपा 2019 का प्रदर्शन दोहरा पाएगी।
- उत्तर प्रदेश में कुल 80 सीटें हैं, इनमें से 39 सीटों पर मतदान हो चुका है और चर्चा है कि, इन चरणों में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है।

अगर वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों के नतीजों के दृष्टिकोण से देखे तो भाजपा के लिए यह बड़ी चुनौती है। यद्यपि, योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अच्छा काम किया है लेकिन इस क्षेत्र में उनका बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं है। उदाहरण के लिए भाजपा गाज़ीपुर की सातों विधानसभा सीटों पर हार गयी थी और जौनपुर की 9 में से 2 सीटों पर ही जीत हासिल कर पायी थी। इसके अलावा, बलिया में 7 में से 2 और मऊ में 4 सीटों में से एक पर ही जीत पायी थी। आज़मपुर की 10 विधानसभा सीटों में से भाजपा को एक पर भी विजय हासिल नहीं हुई थी और बस्ती में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

यशवन्त सिन्हा के पौत्र आशिर कांग्रेस में शामिल

आशिर के पिता जयन्त सिन्हा भाजपा सांसद हैं तथा मोदी सरकार में मंत्री रहे हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 मई। पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री यशंवत सिन्हा के पौत्र व लोकसभा में भाजपा के वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा के पुत्र आशिर सिन्हा वर्तमान में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच में ही कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

हजारी बाग से भाजपा के सांसद व नरेन्द्र मोदी सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के बेटे ने एक कार्यक्रम के दौरान, जिसमें कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी उपस्थित थे, पार्टी में शामिल होने की घोषणा की, उस कार्यक्रम में जयंत सिन्हा भी थे।

वर्तमान लोकसभा चुनावों में हजारीबाग (सदर) के विधायक मनीष जायसवाल को भाजपा ने जयंत सिन्हा की जगह हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।

- इस बार भाजपा ने हजारी बाग से जयन्त सिन्हा के बजाय क्षेत्र के विधायक मनीष जायसवाल को टिकट दिया।
- मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में आशिर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, इस दौरान जयन्त सिन्हा भी मौजूद थे।
- हजारी बाग से पहले यशवन्त सिन्हा, फिर उनके पुत्र चुनाव लड़ते रहे हैं, यह पहली बार है जब इस सीट से सिन्हा परिवार से कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है।

खबर है कि जयंत सिन्हा जो पहले नरेन्द्र मोदी सरकार में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री रह चुके हैं, उनके भाजपा से संबंध तनावपूर्ण चल रहे थे क्योंकि उनके पिता यशवंत सिन्हा भाजपा पर लगातार हमले बोल कर आलोचना कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि उनके पिता भी पूर्व में भाजपा सरकार में केन्द्रीय मंत्री रह चुके हैं।

जयंत सिन्हा ने 2024 का आम चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा प्रकट की थी, क्योंकि वे वैश्विक भारत में बदलते जलवायु परिवर्तन से लड़ने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहते हैं। इस बीच उनके पुत्र आशिर सिन्हा बरही में आयोजित

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

जिंदा बम प्रकरण में नाबालिग को जमानत

जयपुर, 14 मई (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने शहर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे नाबालिग आरोपी को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई कर रहे किशोर न्याय बोर्ड को प्रकरण की सुनवाई तीन

- सुप्रीम कोर्ट ने, जयपुर में 13 मई को हुए सीरियल बम धमाकों के नाबालिग आरोपी को सशर्त जमानत दे दी और मामले की जांच तीन माह में पूरी करने के आदेश दिए।

माह में पूरी करने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश नाबालिग आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया कि, कानून के अनुसार किसी भी किशोर आरोपी को तीन साल से अधिक की सजा नहीं दी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ई.वी. चार्जिंग स्टेशन्स लगाने के लिये आधारभूत ढांचा स्थापित करने की राह आसान हुई

भारत पैट्रोलियम की राजस्थान विद्युत नियामक आयोग में दायर याचिका के आधार पर सभी डिस्कॉम्स ने नीति में बदलाव का फैसला किया

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 14 मई। भारत पेट्रोलियम (बी.पी.सी.एल.) द्वारा प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ई.वी.) को चार्ज करने के लिये ऐसे 'चार्जिंग स्टेशन' और आधारभूत ढांचा प्रदान करने के संबंध में राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (आर.ई.आर.सी.) में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया कि प्रदेश में ई.वी. को चार्ज करने के लिये आधारभूत ढांचा इसलिये तैयार नहीं किया जा सका है क्योंकि मुख्य तौर पर 50 किलोवॉट से बड़े चार्जिंग स्टेशन को स्थापित करने के लिये हाईटेंशन वायर (एच.टी.) लगाना पड़ता है, जिसके लिये चार्जिंग स्टेशन लगाने वाले को स्थापना शुल्क, स्थाई शुल्क, ट्रांसफार्मर को स्थापित करने के खर्चे व अन्य खर्चों को वहन करना पड़ता है जिससे चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की लागत बहुत ऊंची हो जाती है। इस

- आयोग के समक्ष सुनवाई के दौरान सभी विद्युत निगमों ने याचिकाकर्ता की गुहार पर स्वतः ही आदेश पारित किये कि, बड़े ई.वी. (इलैक्ट्रिक वीहिकल) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिये लो टैंशन वायर उपयोग में लिये जा सकेंगे। इससे पहले हाई टैंशन (एच.टी.) वायर प्रयुक्त करना पड़ता था जिसमें भारी खर्च आता था।
- सभी निगमों ने आदेश में यह भी कहा कि, चार्जिंग स्टेशन की स्थापना के लिये लगाये जा रहे ट्रांसफॉर्मर का केवल किराया ही रीटेल आउटलैट लगाने वाले को देना होगा, जिसमें भी तीन प्रतिशत डिसकाउन्ट दिया जायेगा।
- याचिकाकर्ता के वकील शशांक अग्रवाल ने अदालत को कहा था कि, केंद्र सरकार की 2022 की नीति के अनुसार देश में 2030 तक वाहनों की कुल संख्या का 30 प्रतिशन इलैक्ट्रिक वीहिकल होने चाहिये परंतु डिस्कॉम्स की नीतियों के अनुसार बड़े चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिये समर्पित एच.टी.लाइन लगानी होती है और ट्रांसफॉर्मर भी खरीदने पड़ते हैं, जिससे केन्द्र सरकार की नीति का क्रियान्वयन अव्यवहारिक व असंभव होता जा रहा है।

याचिका में आर.ई.आर.सी. से गुहार की गई थी कि वे डिस्कॉम्स के नियमों में ई.वी.चार्जिंग को शामिल करें और डिस्कॉम्स को आदेश दें कि 60 से 200 किलोवॉट की क्षमता के चार्जिंग स्टेशन को स्थापित करने के लिये लो टेंशन (एल.टी.) 'वायर' लगाने के नियम बनाएं और हाई टेंशन वायर लगाने के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

झुंझुनूं में कांग्रेस के बृजेन्द्र ओला का पलड़ा भारी

पर कम मतदान ने चिंता बढ़ा रखी है

झुंझुनूं,14 मई (निसं)। लोकसभा चुनाव होने के बाद अब सब तरफ नतीजों का इंतजार है और इसी के साथ कयासों का बाजार भी गर्म है जहां तक झुंझुनूं सीट का सवाल है सट्टा बाजार और आम अटकलों में कांग्रेस के बृजेन्द्र ओला की जीत तय बताई जा रही है।

पर भाजपा और भाजपा समर्थक भी तर्कों के साथ जीत के दावे कर रहे हैं। लेकिन झुंझुनूं लोकसभा में इस बार 52.29 प्रतिशत मतदान होने के चलते यह साफ हो चुका है कि चुनावों में चाहे कांग्रेस जीते या फिर भाजपा। लेकिन जीत हार का अंतर 50 हजार से अधिक का नहीं होगा।

मतदान प्रतिशत कम रहने के भी अपने अपने तर्क दिए जा रहे हैं। कुछ का कहना है शादियों का मौसम था तो कुछ कह रहे है गर्मी बहुत ज्यादा रही। इसी के साथ दोनों ही प्रत्याशियों की टिकट की घोषणा काफी देरी से हुई, जिसके कारण प्रचार-प्रसार का पर्याप्त समय नहीं मिला और कोई भी प्रत्याशी चुनावी माहौल भी नहीं बना पाया। खेतों में फसल कटाई में मशगूल ग्रामीण मतदाताओं का कहना है कि उन्हें तो एक दिन भी ऐसा नहीं लगा कि चुनाव है और चुनावी माहौल है। इसके साथ-साथ दोनों ही पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं में प्रचार को लेकर भारी उदासीनता देखी गई। दोनों दलों के विधानसभा क्षेत्रों के बड़े नेता भी सिर्फ चेहरा दिखाने तक ही सीमित रहे। उन्होंने अपना कोई दम-खम नहीं दिखाया तो कार्यकर्ता भी घर से नहीं निकला। लोगों का तो यहां तक कहना है कि दोनों पार्टियों ने जो बूथ एजेंट तय किए थे। वो सिर्फ टाइमपास करने के लिए बूथ पर बैठे रहे। कोई बूथ मैनेजमैंट नहीं दिखा यहां तक कि भाजपा जो बूथ मैनेजमैंट के लिए जानी जाती हैं वहां भी उदासीनता रही।

कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र ओला के समर्थन में चाहे सभी कांग्रेसी एक जाजम पर दिखे हो। लेकिन उन्होंने कोई मेहनत नहीं की। जब बृजेंद्र ओला उनके क्षेत्रों में आए तो वे उनके साथ दिखे। इसके अलावा उन्होंने घर पर आराम किया।

यही हाल भाजपा नेताओं का था, वे भी प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के साथ सिर्फ दौरों में ही दिखे। कार्यकर्ताओं और नेताओं की निष्क्रियता को देखकर हार जीत के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है।

झुंझुनूं का सट्टा बाजार पिछले करीब एक महीने से स्थिर है। सट्टा बाजार में भाव कांग्रेस के पक्ष में हैं। सट्टा बाजार की माने तो कांग्रेस प्रत्याशी बृजेन्द्र ओला की जीत तय बता रहा है। उनका भाव 15 पैसे है वहीं भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी का भाव 3 रूपए है, सट्टा बाजार में जिस प्रत्याशी या पार्टी का भाव जितना कम होता है उसकी जीत की संभावना उतनी ही अधिक होती है और जिस प्रत्याशी या पार्टी का भाव अधिक होता है उसकी हार के चांस ज्यादा होते हैं। सटोरिए तो एक तरह से कांग्रेस को जिता चुके हैं। लेकिन सटोरिए भी अंदर ही अंदर आशंकित हैं क्योंकि कम वोटिंग ने सारे आंकडों को बिगाड़ कर रख दिया है।

- झुंझुनूं में मतदान 52.29 प्रतिशत ही रहा है, इसलिए संभावना है कि, हार-जीत का अंतर 50 हजार मतों तक ही रहेगा।
- क्षेत्र में चुनाव को लेकर भारी उदासीनता दिखी। स्थानीय ग्रामीणों का भी कहना था कि, इस बार ऐसा नहीं लगा कि, चुनावी माहौल है, नेता व कार्यकर्ता भी उदासीन दिखे।
- सूत्रों ने बताया कि, स्थानीय नेता प्रत्याशियों के दौरों के समय ही सक्रिय दिखे, बाकी समय वे घरों से बाहर नहीं निकले।
- सट्टा बाजार ने भी कांग्रेस के बृजेन्द्र ओला की जीत की भविष्यवाणी की है, पर कम मतदान से सटोरिए भी चिंता ग्रस्त हैं।

सामान्य तौर पर किसी चुनाव में मतदान के बाद, कौन जीतेगा, कौन हारेगा का आकलन लगाना बंद हो जाता है, क्योंकि ऐसा मान लिया जाता है कि, उम्मीदवारों का भविष्य तो ई.वी.एम. मशीनों में बंद हो गया, किसी तरह की आकलनबाजी व्यर्थ है, तथा समय की बर्बादी ही है। पर, हमारे संवाददातों का कहना है कि, चुनाव को समझने का, हार-जीत की संभावनाओं, वोटिंग के ट्रैंड के बारे में चर्चा करने का यही समय है। क्योंकि, पार्टियों के कार्यकर्ता भी पोलिंग बूथ में अपनी ड्यूटी पूरी करके ''रिलैक्स्ड'' मूड में आ गये होते हैं, तथा अब कुछ गहरायी से, कुछ शांति से, उन्होंने पोलिंग स्टेशन पर जो देखा व महसूस किया, वो बताने को तैयार हैं। लगभग ऐसी ही स्थिति पार्टियों के नेता, उम्मीदवारों के समर्थकों की होती है। मतदान के पूर्व वह शुभ-शुभ के अलावा कुछ बोलना नहीं चाहते थे, क्योंकि उनके कुछ कहने से, उनके शब्दों व वाक्यों को तोड़-मोड़ कर पेश करके कुछ वोट काटे जा सकते थे। पर, जब मतदान ही हो गया तो वोट को हानि पहुंचाने की यह संभावना भी खत्म हो गयी है। अतः अब ये लोग भी अपना सही आकलन देने में नहीं हिचकिचाते।

अतः अब इन लोगों से बात करके हमारे संवाददाता सीट के बारे में अपना आकलन पुनः गहरायी से पेश करना चाह रहे हैं। उसी श्रृंखला में तीसरी कड़ी हम प्रस्तुत कर रहे हैं।

विचार बिन्दु

बेहतर यही होगा कि आप कोशिश करें शायद इसमे आप नाकामयाब हो जाऐं और उससे कुछ सीखें बजाये इसके कि आप कुछ करें ही नहीं।

–मार्क जकरबर्ग

डिजिटल प्रौद्योगिकी जीवन को सरल बनाते हुए बहुत कुछ छीनती भी है

तकनीकी प्रगति में कुछ भी सीधा-सरल नहीं होता। कोई भी नई प्रौद्योगिकी जो हमारे जीवन को आसान बनाने वाली चीज़ें लेकर आती हैं तो वह हम से बहुत सी चीजें छीन भी ले जाती है। यह इतना सहज से होता है कि हमें इसका तत्काल पता नहीं चल पाता। डिजिटल तथा अंतर्जाल (इंटरनेट) की प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन को जितना आसान बना दिया है उसकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। डिजिटल तकनीक और इंटरनेट ने हमारी पहुंच को अकल्पनीय हद तक बढ़ा दिया है; हमारे लिए लिए सूचना के द्वार और मनोरंजन के नये वितान खोल दिए हैं। नई प्रौद्योगिकी से बनी आभासी दुनिया हमें मौजूद समय में आपस में जोड़ भी रही है। हम नई-नई खोजों का आनंद ले रहे हैं। बहुत से लोगों के लिए यह नयी डिजिटल व्यवस्था धन कमाने का जरिया भी बनी है। इससे हमने बहुत कुछ पाया है, मगर इसने हमसे बहुत सी चीजें छीन भी ली है जिसके लिए उम्रदराज हो रही पीढ़ी अनेक बार नोस्टेल्जिक हो उठती है। जैसे, फोटो एलबम को ही लें जिनमें हम बड़े जतन से अपनी, अपने परिजनों व मित्रों की, पारिवारिक एवं अन्य समारोहों की श्वेत श्याम और फिर रंगीन फोटुएं चिपकाते थे। उन्हें एल्बम की शीट पर लगाने के लिए चिपकने वाले कोनों का उपयोग करते थे। अब उन एल्बमों की जरूरत नहीं रही। अब डिजिटल स्टोरेज ने उन्हें हम से छीन लिया। अब फोटो खींचने वाले घरेलू गैर पेशेवराना कैमरे भी नई डिजिटल तकनीक ने हम से छीन लिए हैं। अब कैमरे के अपरचर व टाइमर का हिसाब भी नहीं सीखना पड़ता और न यह पता करने के लिए कि फ़ोटो साफ आई है या नहीं फिल्म के धुल कर आने का इंतज़ार करना पड़ता है। नये डिजिटल कैमरे और स्मार्टफोन हमारे लिए सभी काम खुद ही कर लेते हैं। ली गई तस्वीरों को इंटरनेट पर उपलब्ध मुफ़्त सुविधाओं से उन्हें न केवल सुधार ही सकते हैं बल्कि परिचितों से तुरंत साझा भी कर सकते हैं। कैमरे के ऑटो क्लिक को सेल्फ़ी ने छीन लिया है। सर्च इंजिन 'गूगल' से पहले हम किसी किताब का पता करने तथा उसे खरीदने के लिए शहर की किताबों की दुकानों के चक्कर लगाते थे और दुकानदारों की मिन्नतें करते थे कि अमुक किताब वह हमारे लिए मंगवा दे। नेट ने यह काम उनसे छीन कर अमेज़न और प्रकाशकों की वेब साइटों को दे दिया है। किताबें ही क्यों अन्य सामान, यहां तक कि भोजन की थाली भी, ऑनलाइन ऑर्डर दे कर मंगा सकने के नये जमाने में पुरानी चीजों का खो जाना किसी को अखरता नहीं। अब हम शहर के बाज़ार की जगह अधिकतर इंस्टाग्राम पर मौजूद खिड़कियों में विंडो शॉपिंग करते हैं, जहां लक्षित विज्ञापन होते हैं और जिनके प्रायोजक जानते हैं कि हमारी रुचियां क्या हैं। नई तकनीक ने विंडो शॉपिंग के आश्चर्य और लालसा के भाव और दूकान के अंदर की मनोरम झलक पाने का आनंद छीन लिया है। जब हम स्कूल या कॉलेज में पढ़ते थे तब हमारे लिए जो सबसे महत्वपूर्ण चीज होती थी वह थी डिक्शनरी। पढ़ाकुओं के पास अंग्रेजी से अंग्रेजी, अंग्रेजी से हिन्दी और हिन्दी से हिन्दी की तीन-तीन डिक्शनरियां होती थी। अंग्रेजी की कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड दोनों डिक्शनरियां घर में होनी लाज़मी थी। अंग्रेजी से हिन्दी के लिए फादर कामिल बुल्के और हिन्दी की भार्गव की डिक्शनरियों का अपना रुतबा हुआ करता था। इंटरनेट ने हमारे बचपन और किशोर वय की साथी रही उन डिक्शनरियों को हमसे छीन लिया। ऐसे ही 12 खंडों वाले एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका में कुछ खोजने के लिए कॉलेज की लाइब्रेरी जाना होता था क्योंकि यह भारी भरकम कोश खरीदना हर एक के बूते की बात नहीं होती थी। थोड़े ऊंचे पढ़ाकू थैसारस रख कर गर्व अनुभव करते थे। अब उनके लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं होती, सभी इंटरनेट पर मौजूद है।

हमारे दैनिक अस्तित्व पर इंटरनेट ने कैसा प्रभाव डाला है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह आंख खुलते ही सबसे पहला काम स्मार्टफोन की स्क्रीन पर टैप करना तो अब लोगों की आदत बन चला है। हम ऑनलाइन दुनिया में अधिक से अधिक समय बिताने लगे हैं। इंटरनेट से पहले का जीवन अब गुदगुदाती सुखद स्मृति बन कर रह गया है जिसे वापस नहीं पाया जा सकता।

डिजिटल क्रांति ने हमसे फुटकर नकदी भी छीन ली है। आज भारत के दूर-दराज के कोनों में रहने वाले लोग भी रोज़मर्रा का बहुत से सामान बिना नक़दी के ख़रीद रहे हैं। यहां तक कि एक पैकेट ब्रेड या बिस्किट ख़रीदने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करके दस-बीस रुपये जैसी मामूली रक़म का भी भुगतान ऑनलाइन ही किया जाता है। नकद पैसा जेब में रखने की जरूरत अब नहीं रही है। दुनिया के किसी कोने से पेन-फ्रेंड की डाक से चिट्ठी मिलना छिन गया है। डायल करने वाले फोन, सीडी और डीवीडी प्लेयर जैसे यंत्र अब यादों में सिमट गये हैं। कभी हम छत पर एरियल लगा कर रेडियो सेट पर बड़ी सावधानी से ट्यून करके शॉर्टवेव पर रेडियो सिलोन, बीबीसी या दूर दराज के दूसरे देशों के प्रसारण सुनते थे। इंटरनेट ने इन सब को छीनते हुए उनके विकल्प स्मार्टफोन में दे दिए हैं। रेडियो के समाचारों से घड़ियां मिलाना भी हमसे छिन गया है। कुछ भी हो जाए आकाशवाणी पर समाचार ठीक निर्धारित क्षण पर शुरू होते थे न एक सेकेंड आगे न एक सेकेंड पीछे। रेडियो से घड़ी मिलाने का आनंद हमसे छिन गया। अब तो इंटरनेट से जुड़े स्मार्टफोन अपनी घड़ी अंतर्राष्ट्रीय और स्थानीय समय के अनुसार अपने आप सेट कर लेते हैं। नेट पर ही अब सारे रेडियो तथा टीवी स्टेशन मौजूद हैं जिनका जीवंत प्रसारण इंटरनेट की बदौलत डिजिटल दुनिया में उपलब्ध है। गत्ते के कागज पर छपा रेल का छोटा सा टिकट यात्रा पूरी होने तक अब जेब में संभाल कर रखने का अनुभव हमसे छिन गया है। उसे खरीदने के लिए रेलवे स्टेशन जाकर लंबी लाइन में लगना अब पुरानी बात हो गई है। इंटरनेट पर ऑनलाइन खरीदा गया टिकट हमारे फोन में रहता है और उसे स्क्रीन पर ही टीटी को जरूरत पड़ने पर दिखाया जा सकता है। इंटरनेट निर्विवाद रूप से एक प्रकार का जादू है, मगर उसने हमारे जीवन के कुछ पुराने जादू पर पोंछा फेर दिया है। हमारे दैनिक अस्तित्व पर इंटरनेट ने कैसा प्रभाव डाला है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह आंख खुलते ही सबसे पहला काम स्मार्टफोन की स्क्रीन पर टैप करना तो अब लोगों की आदत बन चला है। हम ऑनलाइन दुनिया में अधिक से अधिक समय बिताने लगे हैं। इंटरनेट से पहले का जीवन अब गुदगुदाती सुखद स्मृति बन कर रह गया है जिसे वापस नहीं पाया जा सकता।

अब हमें कहीं पहुँचने के लिए किसी से रास्ता पूछने की जरूरत नहीं रही। कभी वे ड्राइवर अधिक सफल होते थे जिन्हें शहर के रास्ते हाथ की हथेली की तरह मालूम होते थे। अब उनकी जरूरत नहीं रही है। अब हम गूगल मैप से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। टैक्सी वाले, जो अब कैब वाले कहलाते हैं, भी आपसे पता पूछ कर इंटरनेट से जुड़े अपने स्मार्टफोन में फ़ीड करते हैं और गूगल के निर्देशों के अनुसार रास्ता चुनते हैं और गंतव्य तक पहुंचते हैं। टैक्सी बुलाने के लिए भी उसी फोन का इस्तेमाल होता है जो हमारे हाथ में होता है। वास्तव में वह हमारी हथेली में पूरा कंप्यूटर है। इस पर छोटे संदेश या बड़े आलेख लिख कर भेज सकते हैं। इससे भी आगे बढ़ कर दुनिया के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति से रीयल टाइम में संदेशों का आदान-प्रदान ही नहीं कर सकते हैं बल्कि वीडियो चैट भी जब चाहें कर सकते हैं। फोन तो हम पहले भी करते थे और उस पर लंबी-लंबी बातें भी होती थी। अपने बचपन को याद कीजिए जब यह उलाहना सुनते थे कि अरे वह तो एक घंटे से फोन पर ही चिपका या चिपकी हुई बैठी है। अब जब कोई फोन पर गेम खेलने में व्यस्त हो तब भी कोई ऐसी शिकायत नहीं करता। अब तो किसी को फोन करने से पहले भी संदेश भेज कर पूछा जाता है कि क्या मैं आपको कॉल कर सकता हूं? यह नये शिष्टाचार ने पुराने बेतकल्लुफ़ शिष्टाचार को छीन लिया है। अनौपचारिक रिश्ते हम से छिन गए हैं। इंटरनेट के इस युग में क्या हममें से किसी को सचमुच दूसरों के जन्मदिन याद रहते हैं? यदि नजदीकी रिश्तेदारों या प्रतिदिन ऑफिस में बगल में बैठने वालों के जन्मदिन कोई हम से पूछ ले तो हम बगलें झांकने लगते हैं। इन तारीखों तथा फोन नंबरों को सलीके से लिखी छोटी डायरियां हमसे छिन गई हैं। चिंता किस बात की; इंटरनेट मौजूद है ना। जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए इमोजी के साथ इंटरनेट पूरी तरह तैयार रहता है। मगर जो इंटरनेट पर नहीं हैं उनका क्या? इंटरनेट का एक विरोधाभास यह है कि जहां इसने जिस दुनिया को हमारे लिए खोल दिया है, वहीं इसने उस दुनिया को छोटा भी महसूस कराया है। हम नदी, पहाड़, बागानों तथा स्मारकों के शानदार दृश्य असल में नहीं डेस्कटॉप पृष्ठभूमि में देखते हैं। ऑनलाइन सर्फिंग में कुछ घंटे बिताने के बाद हमें दुनिया छोटी, दोहरावदार और सपाट दिखने लगती है। शायद हम अपना बोरडम मिटाने के लिए स्मार्टफोन पर उंगलियां फिराते है। पहले लोग जीवन के उबाऊ पलों को सहज स्वीकार करते थे। भाषा विज्ञानी बताते हैं कि 'बोरडम' शब्द आंशिक रूप से उन्नीसवीं सदी के मध्य तक सामने नहीं आया था। घर में मन नहीं लगा तो हम अवकाश में खाली फुटपाथों पर या आबादी से दूर लक्ष्यहीन सैर पर चले जाते थे। मोबाइल फोन और डिजिटल डाटा ने हमसे यह आनंद भी छीन लिया है।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
(वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक)

मानपुरा का 60 साल का दिव्यांग सरकार की मदद से वंचित

बुजुर्ग दिव्यांग के चलने-फिरने के लिए बिना पैडल, हैंडल व ब्रेक वाली व्हील चेयर बनी सहारा

माण्डलगढ़, (निसं)। मांडलगढ़ के मानपुरा गांव में एक 60 साल के दिव्यांग बुजुर्ग की अनदेखी सरकारी सिस्टम के जिम्मेदारों पर कई सवाल खड़े कर रही है। सरकार ने भले की दिव्यांगजन के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू कर रखी है, लेकिन जिम्मेदारों की नजरें इस दिव्यांग बुजुर्ग पर आज तक नहीं पड़ी है।

मांडलगढ़ उपखण्ड के मानपुरा गांव में रहने वाले सत्यनारायण पारीक का एक पैर एक दशक पहले किसी हादसे में कट गया था, जिससे वह दिव्यांग हो गया। घर की माली हालत बहुत दयनीय और शारीरिक कमजोरी के चलते कोई काम-धंधा भी नहीं कर सकता। इस बुजुर्ग दिव्यांग ने घर से बाहर घूमने-फिरने के लिए रोगी व्हील चेयर का जुगाड़ कर रखा है, लेकिन चिलचिलाती धूप में इस व्हील चेयर को सड़क पर चलाने में कड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हादसा होने की आशंका बनी रहती है। व्हील चेयर में न पैडल है और न ही ब्रेक है।

मांडलगढ़ उपखण्ड के मानपुरा गांव का रहने वाला दिव्यांग सत्यनारायण पारीक।

- मानपुरा गांव के सत्यनारायण पारीक का एक पैर एक दशक पहले किसी हादसे में कट गया था
- बुजुर्ग दिव्यांग ने घर से बाहर घूमने-फिरने के लिए रोगी व्हील चेयर का जुगाड़ कर रखा है

दिव्यांग सत्यनारायण पारीक ने बताया कि घर मैं एक बेटा है जिसके पास भी काम-धंधा पर्याप्त नहीं है और पत्नी भी बुजुर्ग है। गांव के लोग ही सहायता करते आ रहे हैं, कई बार जिम्मेदार अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को सरकारी सहायता के लिए गुहार लगाई, लेकिन किसी ने अब तक सुध नहीं ली है।

आठ माह की बालिका की डाम लगाने से हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

भीलवाड़ा, (निसं)। अंधविश्वास के नाम पर मासूमी की जिंदगी से खिलवाड़ का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक आठ माह की बालिका की डाम लगाने से हालत बिगड़ने के बाद परिजनों ने उसे एमजी अस्पताल के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। एक और जहां परिजन डाम से इनकार कर रहे हैं, वहीं डॉक्टर्स इसे डाम लगाने से हालत बिगड़ने का मामला बता रहे हैं। फिल्हाल अस्पताल में बच्ची का उपचार किया जा रहा है।

एमजी चौकी पुलिस के अनुसार, चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना इलाके की 8 माह की बच्ची रीना पिता हेमराज भील को मंगलवार सुबह यहां मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। डॉक्टर्स ने बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण किया तो उसके चेस्ट पर डाम लगा हुआ मिला। डॉक्टर्स ने अस्पताल चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि उनकी बच्ची बीमार है, इसलिए उसे यहां भर्ती करवाया है। परिजनों ने बच्ची को डाम लगाने और लगवाने से इनकार किया है। स्थिति जांच के बाद ही साफ हो पायेगी। फिलहाल बच्ची का उपचार जारी है और उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।

बच्ची को उपचार के लिये भीलवाड़ा के एमजी अस्पताल के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भर्ती करवाया है।

- परिजन डाम से इनकार कर रहे हैं, वहीं डॉक्टर्स इसे डाम लगाने से हालत बिगड़ने का मामला बता रहे है।

देवयानी तीर्थ स्थल पर बने सुलभ शौचालय की हो रही दुर्दशा

20 लाख रुपए की लागत से निर्मित सुलभ शौचालय करीब छह माह से सफाई को तरस रहा है

सांभरझील, (निसं)। देवयानी तीर्थ स्थल पर आने वाले सैंकड़ों श्रद्धालुओं की सुविधार्थ करीब 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिआधुनिक सुलभ शौचालय करीब छह माह से सफाई को तरस रहा है। नगर पालिका प्रशासन के माध्यम से बनवाए गए सुलभ शौचालय की नियमित साफ सफाई तो दूर यहां मिलने वाली सुविधाएं भी गायब है। छत पर रखी तीन पानी की टंकियां तीन रोज पहले आई आंधी के कारण उड़कर नीचे पड़ी है। टंकियों में पानी नहीं भरने के कारण सुलभ शौचालय अनुपयोगी साबित हो रहा है। वाशवेशन में सीमेंट के खाली प्लास्टिक के कट्टे भरे पड़े हैं। शौचालय सड़ांध मार रहे हैं। यहां आने वाली महिलाओं को टॉयलेट के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। शौचालय की दीवार पर लगी टाइल्स कई जगहों से उखड़ कर गिर गई है।

यहां के पुजारियों ने बताया कि पालिका प्रशासन की ओर से टंकियों में पानी भरने के लिए करीब 10 हजार लीटर क्षमता का होद भी बनवाया हुआ है लेकिन आज तक उसे भरना तो दूर टंकियों में पानी चढ़ाने के लिए ना तो मोटर है और न हीं कोई कनेक्शन किया हुआ है। यह भी बताया जा रहा है कि यहां के शौचालय के लिए पानी के लिए तीन टैंकर स्वीकृत है लेकिन उनकी खानापूर्ति कागजों में की जाती है।

पर्यटन महोत्सव के दौरान इन टंकियों को टैंकर से पाइप जोड़कर भरा गया था, जबकि होद में पानी भरकर कनेक्शन जोड़कर इन टंकियों को भरने का काम कागजों में तो दिखा रखा है लेकिन धरातल पर सब कुछ उल्टा है। सुलभ शौचालय में कुल 12 संडास बने हुए हैं, सफाई नहीं होने के कारण भयंकर गंदगी जमा है और अब अंदर कोई जाने की स्थिति में नहीं है। पुरुष मूत्रालय में बेकार का सामान भरा पड़ा है जिसे हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। 23 मई को देवयानी तीर्थ स्थल पर वार्षिक मेले का आयोजन होगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु यहां तीर्थ स्थल पर आते हैं ऐसी स्थिति में समय रहते सुलभ शौचालय की सुध लिए जाने की दरकार है।

देवयानी तीर्थ स्थल पर सुलभ शौचालय की दुर्दशा हो रही है।

- 10 हजार लीटर क्षमता का पानी का होद आज तक रीता पड़ा है
- टंकियों में पानी चढ़ाने के लिए आज तक नहीं हुआ कनेक्शन
- देवयानी तीर्थ स्थल पर 23 मई को भरेगा वार्षिक मेला

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

बुधवार 15 मई, 2024

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, आश्लेषा नक्षत्र दिन 3:25 तक, वृद्धि योग प्रातः 7:41 तक, विष्टि करण सांय 5:21 तक, चन्द्रमा आज दिन 3:25 से सिंह राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरू-वृष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा सांय 5:21 तक रहेगी। आज दुर्गाष्टमी, बुधाष्टमी, देवी बगला मुखी जयन्ती है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:03 तक, शुभ 10:43 से 11:23 तक, चर 3:43 से 5:23 तक, लाभ 5:23 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:43, सूर्यास्त 7:03

मेष
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

वृष
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

मिथुन
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

कर्क
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

सिंह
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

कन्या
आर्थिक/वित्तिय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें अभी यथावत बनी रहेगी।

तुला
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

वृश्चिक
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

धनु
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

मकर
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कुंभ
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

मीन
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

चोरी कर भागे चार चोरों को ग्रामीणों ने 25-30 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा

लूणकरनसर, (कासं)। लूणकरनसर तहसील के रोझां गांव में एक घर से चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे चार चोरों को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। चोरों को पकड़ने के लिए ग्रामीणों ने आधी रात से सुबह होने तक करीब 25-30 किलोमीटर पीछे दौड़ते हुए पकड़ कर पुलिस के हवाले किया।

जानकारी के मुताबिक रोझां गांव के श्रवणराम पुत्र शेराराम जाट के घर में चोर घुसे तथा करीब पौने एक बजे चोरी की वारदात को अंजाम देकर वापस भागते समय श्रवणराम जाग गया। चोरों को ललकारने पर सामना करते हुए घर पर पड़ी दंताली लेकर डराया। यहां से चोरों ने करीब तीन तौला सोने के जेवर चुरा लिए। इसके बाद श्रवणराम ने अपने बेटे व पड़ौसियों को आवाज लगाने के बाद चोर डरकर भाग गए। रात करीब पौने दो बजे चोरी की वारदात के बाद भागे चोरों को रोझां, सहनीवाला, फूलदेसर समेत आधा दर्जन चकों के सैकड़ों ग्रामीण आधी रात को एक-दूसरे से फोन से सम्पर्क कर मोटरसाइकिल, जीप, ट्रैक्टर व अन्य वाहन लेकर सड़कों व कच्चे रास्तों पर नाकाबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान चोर गांव से निकलकर रोही में निकल पड़े।

ग्रामीणों ने करीब 25-30 किलोमीटर पीछा करते हुए सुबह करीब 6 बजे तक चोरों को पकड़ लिया तथा पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान थानाधिकारी गणेश कुमार बिश्नोई समेत पुलिस के जवान भी चोरों का पीछा करते रहे। पुलिस वृताधिकारी नरेन्द्र पूनिया ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से रोझां गांव में चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे चोरों में हरियाणा के परवल निवासी बच्चूसिंह पुत्र गोपीचंद बावरी, अलवर के गलव निवासी दीपक पुत्र राजेन्द्र बावरी व महेन्द्र पुत्र राजेन्द्र बावरी तथा भरतपुर के सेमरा निवासी कलुआ पुत्र बन्ने सिंह बावरी को पकड़ा है। इसके अलावा चोरी की वारदात में एक-दो चोरों के एक कार लेकर भागने की आशंका है।

चोरी की वारदात के बाद चोरों ने पीछा कर रहे ग्रामीणों को चकमा देने का खूब प्रयास किया। इस दौरान एक चोर एक बड़े पेड़ पर चढ़ गया। इस दौरान एक महिला के देखने पर चोर को पकड़ लिया गया। इसके अलावा एक चोर को तूड़ी के ढेर में छिपा पकड़ा। एक चोर जंगल के कचरे में छिप गया। पीछा करते ग्रामीणों ने कचरे में आग लगाने से डर के मारे बाहर निकलने पर पकड़ लिया। चार-पांच घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

रोझां गांव में वारदात के लिए चोर पशुओं के बाड़े से घर में घुसे। घटना से पहले चोरों ने मौजूद 10-12 पशुओं को घर पर पड़ी रस्सियों को काटकर बांध दिया। इस दौरान पशुओं को कैसे काबू किया। इसको लेकर ग्रामीण हैरान है। ग्रामीणों को आशंका है कि चोरों के पास कोई बेहोशी करने वाली सूंघने वाली दवा है, जिससे पशुओं को काबू किया है।

चोरों का पीछा कर रहे ग्रामीणों को घटना के वक्त एक काले रंग की कार मिली। मौके पर रोकने पर कार में सवार युवकों ने बकरियां खरीदने के लिए गांव में आना बताया। तब छोड़ दिया गया, लेकिन ग्रामीणों को आशंका है कि पकड़े गए चोरों के साथ ही कार थी।

इससे पहले खिंयेरां गांव में लालाराम पुत्र बिड़दाराम रैगर के घर पर अज्ञात चोरों ने तीन लाख रुपए नकदी, 200 ग्राम सोने के जेवरा व ढाई किलो चांदी के आभूषण व बर्तन चुरा ले गए। यहां चोरी की वारदात में भी पदचिन्ह भी चार चोरों के मिले हैं। ऐसे में आशंका पकड़े गए चोरों पर है। इससे पहले लूणकरनसर कस्बे में ही रिद्धकरण तातेड़ के घर पर चोर लाखों के जेवरात व नगदी चुरा ले गए।

रोझां गांव में चोरी की वारदात कर भागते चोरों को पकडने के बाद रोझां, सहनीवाला, फूलदेसर, खिंयेरां व लूणकरनसर के सैकड़ों ग्रामीण थाने पहुंच गए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से चोरी किए गए माल की बरामदगी व कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर ग्रामीण चोरी की घटना को लेकर धरने पर बैठ गए।

नरेन्द्र पूनिया, पुलिस वृताधिकारी लूणकरनसर का कहना है कि रोझां गांव में चोरी कर भाग रहे चार चोरों को ग्रामीणों की मदद से पकड़ा है। इसमें श्रवणराम जाट की ओर से मामला दर्ज कर चार चारों को गिरफ्तार किया है। चोरी किए माल के बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

हथियारों सहित दबोचे : अवैध हथियार रखने वालों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। जेएनवीसी थाना पुलिस व डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित दो जनों को दबोचा है। जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान जेएवीसी थानान्तर्गत बोलरो में सवार एक युवक पुलिस को देख भागने लगा तो पुलिस को शक हुआ और तुरंत पुलिस टीम ने युवक का पीछा कर उसे दबोच लिया।

पकड़ा गया युवक बंगलानगर निवासी मूलचंद है। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने उसकी बोलेरो गाड़ी भी जब्त कर ली है। वहीं एक अन्य युवक पर भी संदेह होने युवक से पूछताछ की संतोषजनक जबाब नहीं देने पर तलाशी ली तो रिडमलसर निवासी अमन भाटी के पास से पुलिस ने एक पिस्टल व कारतूस बरामद किया है। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर इनके पास से अवैध हथियार आएं कहां से। जेएनवीसी थाने में दोनों के खिलाफ अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज किया गया है।

जेएनवीसी थाना पुलिस व डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित दो जनों को दबोचा।

■ लूणकरनसर तहसील के रोझां गांव में एक घर से चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग थे चोर

बुजुर्ग महिला से छीनी सोने की बालियां

श्रीगंगानगर, (कासं)। पदमपुर रोड पर एक बुजुर्ग महिला को अनजान महिला व पुरुष ने हनुमानगढ़ जाने का रास्ता पूछकर उस पर नशीली पदार्थ हवा में छिड़का और बेहोश कर सोने की बालियां छीनने की वारदात को अंजाम दिया।

यह घटना उस समय हुई यह वृद्धा गुरूद्धारा बाबा दीप सिंह से अपने घर लौट रही थी। कोतवाली थाने में पुरानी आबादी ट्रक यूनियन पुलिया के पास रहने वाली साठ वर्षीय रक्षा पत्नी कश्मीरीलाल अग्रवाल ने बताया कि 9 मई की शाम करीब सात बजे वह पदमपुर रोड से पैदल घर लौट रही थी कि रास्ते में एक महिला जिसने लाल रंग की साड़ी पहनी हुई थी।

इस महिला के साथ एक पुरूष जिसने भूरे रंग की पेंट व शर्ट पहना हुआ था। इन दोनों के साथ एक चार-पांच साल का बच्चा था। इस महिला ने उससे हनुमानगढ़ जाने का रास्ता पूछा तो वह जवाब दे रही थी तभी इन लोगों ने उस पर कोई नशीला पदार्थ हवा में छिड़क दिया और वह बेहोश हो गई। उसे कुछ भी पता नहीं रहा।

जब वह बेहोश हो रही थी तब उसे इतना पता है कि इन लोगों ने टैम्पों बुलाकर उस पर बिठाया। इस दौरान उसके कानों में पहने सोने की बालियां जिसका वजन करीब सात ग्राम था, को छीनकर ले गए।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले की जांच बस स्टैंड चौकी प्रभारी एएसआई स्वर्ण सिंह के सुपुर्द की हैं। इधर जांच अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई जायेगी।

सार-समाचार

सुमेरू भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

दी आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित सुमेरू भजन संध्या में झूमते श्रद्धालु।

बीकानेर, (कासं)। दी आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष में संस्था के बीकानेर केन्द्र की ओर से आयोजित सुमेरू भजन संध्या ' तेरा मैं...' में साधकों ने आंनद विभोर होकर भक्ति सागर में भरपूर गोते लगाए। आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो कम्यूनिकेशन के बीकानेर जोन के मीडिया कॉआर्डिनेटर गिरिराज खैरीवाल ने बताया कि ट्रांसपोर्ट गली, रानी बाजार स्थित कथूरिया भवन में आयोजित इस भजन संध्या में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुमेरु भजन गायक जितेंद्र सारस्वत ने विभिन्न भक्ति गीतों एवं भजनों की बहुत ही शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित साधकों को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और गुरु के गुणगान से आपूरित भजनों के साथ हुई। जैसे ही सारस्वत ने 'जागो मां...' गीत की प्रस्तुति शुरू की तो दर्शकों से खचाखच भरा हॉल थिरकने लगा। तेरे आने की खबर जब महके...', भजन के सुर जैसे ही सारस्वत ने लगाए उपस्थित श्रोता आनंद से विभोर हो गये। हमें रास्तों की जरूरत नहीं...' , सांसों की माला मैं सिमरूं..., मुझको जमीं आसमां मिल गए... भजनों की मधुर सुर लहरियों ने कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों व बच्चों इत्यादि सभी को आनंद में गोते लगाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर दूध से बना केक काटकर का जन्मोत्सव सेलीब्रेट किया गया। खैरीवाल के मुताबिक इस अवसर पर लगभग 200 से अधिक साधकों ने शिरकत करते हुएआनंद की अनुभूति प्राप्त की। खैरीवाल ने बताया कि अपेक्स राजेश मुंजाल, अनिल खजांची, वरिष्ठ प्रशिक्षिका साधना सारस्वत, आशी जैन, रितुबाला सोनी, गीता भटनागर, अजय खत्री, राजकुमार भटनागर, जानकी वल्लभ पुरोहित, खुशाल खत्री, परताराम चौधरी, प्रकाश शर्मा, राकेश छाजेड़, रामदेव सुथार, स्वाति शर्मा, भव्या कट्टा, लोकेश चतुर्वेदी, दमयंती सुथार, पृथ्वी सिंह, राकेश अग्रवाल, सुभाष दाधीच, प्रिया शर्मा, विजय सिंह, विवेकानंद आर्य, पंकज भटनागर, अमरचंद इत्यादि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अनुपस्थित कार्मिकों को मिलेंगे नोटिस

एडीएम सिटी उम्मेद सिंह रतनू ने संयुक्त श्रम आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू ने मंगलवार को संयुक्त श्रम आयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के दो कार्मिक बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाये गए। उन्होंने दोनों के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और हिदायत दी कि भविष्य में इसकी पुनरावृति ना हो। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने श्रमिकों के लम्बे समय से लंबित प्रकरणों की शीघ्र सुनवाई करने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि श्रमिक हित को सर्वोपरि मानते हुए प्रत्येक विभागीय अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में श्रम विभाग की प्रगति की समीक्षा की और श्रमिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों में न्यून प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) को संयुक्त श्रम आयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए वस्तुस्थिति की जांच करने के निर्देश दिए। जिसकी अनुपालना में एडीएम सिटी ने निरीक्षण किया।

रूद्राष्टध्यायी में पारंगत होंगे युवा

बीकानेर, (कासं)। बच्चों से बुजुर्गों तक में सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ा है। प्रतिदिन कई घंटे बच्चे, युवा और बुजुर्ग सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। ग्रीष्मावकाश में युवा कुछ समय सोशल मीडिया से दूरी बनाएं व वैदिक संस्कृति से जुड़ें, इस लिहाज से शहर में वेद पाठशालाओं के संचालन का क्रम प्रारंभ हो गया है। इनमें युवा संध्या वंदन, वेद मंत्र, रुद्राष्टध्यायी पाठ और वैदिक शिव पूजा पद्धति में पारंगत होंगे। प्रतिदिन शाम के समय इन वेद पाठशालाओं का संचालन होगा। अध्ययन के दौरान युवा मोबाइल का उपयोग नहीं कर सकेंगे। करीब दो घंटे सोशल मीडिया से दूरी रहेगी। आचार्य महानंद वैदिक यज्ञ समिति की ओर से आचार्य चौक स्थित वाचनालय परिसर में सोमवार से वेद पाठशाला प्रारंभ की गई। पहले दिन 25 से अधिक युवा पहुंचे। समिति सदस्य पवन जोशी के अनुसार पंडित नथमल पुरोहित के सानिध्य में इस पाठशाला का संचालन हो रहा है। वर्ष पर्यन्त यहां अध्ययन-अध्यापन का कार्य चलेगा। समिति की ओर से शहर में और कई स्थानों पर ऐसी वेद पाठशाला प्रारंभ करने की योजना है ताकि बच्चे और युवा मोबाइल से प्रतिदिन कुछ घंटे दूरी बनाए और वेद मंत्र, पाठ, संध्या वंदन में पारंगत हों। अध्ययन प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से 8.30 बजे तक होगा। पाठशाला के प्रारंभ होने के अवसर पर समिति के अध्यक्ष दाऊलाल कल्ला, रविन्द्र आचार्य, शिवकुमार आचार्य, किशन पुरोहित, निखिल आचार्य, माधव बिस्सा, रोहित आचार्य, विजयनारायण आचार्य, पवन कुमार जोशी उपस्थित थे।

छात्रा से रेप मामले में बीकानेर में प्रदर्शन, रतनगढ़ में बाजार बंद

बीकानेर, (कासं)। रतनगढ़- चूरू जिले के एक गांव में 11वीं की छात्रा से सामूहिक बलात्कार के मामले में पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने, मामले में धारा 302 जोड़ने की मांग की।

करीब चार घंटे प्रदर्शन और तीन दौर की वार्ता के बाद प्रदर्शनकारी मानें। तब नाबालिग के शव का पोस्टमार्टम कराया जा सका। वहीं दूसरी ओर चूरू में पड़िहारा कस्बे के बाजार बंद रहे। ग्रामीणों ने मौन जुलूस निकाल कर चौकी प्रभारी को ज्ञापन दिया, जिसमें आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

दूसरी ओर पुलिस ने इस मामले में नामजद युवकों में से दो को हिरासत में ले लिया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें तीन अन्य की तलाश कर रही हैं। फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने वारदात के दूसरे दिन ही अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी करवा दिया है।

पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि एक आरोपी छात्रा को बाइक पर बैठाकर जिम ले गया था। बाद में जिम को ताला लगाकर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अब छात्रा के सोशल मीडिया एकाउंट की भी जांच कर रही है। ताकि पता लग सके कि छात्रा को कहीं ब्लैकमेल कर तो वारदात को अंजाम नहीं दिया गया है। रतनगढ़ क्षेत्र की 11वीं कक्षा की 17 साल की किशोरी से 10 मई को उसके सहपाठी रोहित सांसी ने दोस्त जावेद खां, मोहसिन खां, अजय सांसी व युनूस खां के साथ मिलकर सामूहिक बलात्कार किया था। पीड़ित छात्रा ने अवसाद में आकर जहर खा लिया। परिजन उसे उपचार के लिए बीकानेर ले गए। यहां छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस जब शव का पोस्टमार्टम करवाने पर अड़ गई तब सामूहिक बलात्कार की कहानी सामने आई। बाद में परिजनों की ओर से रतनगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया।

जय यादव पुलिस अधीक्षक, चूरू का कहना है कि छात्रा से सामूहिक बलात्कार और मौत के मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। तीन अन्य आरोपियों के विदेश भागने की आशंकाओं को देखते हुए उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी करवा दिया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें उनकी तलाश कर रही हैं।

■ पीड़ित छात्रा ने अवसाद में आकर जहर खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 19 को

बीकानेर, (कासं)। शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की दीपक कुंज में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णयानुसार सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 19 मई को सुबह 10 बजे विवेक बाल निकेतन सीनियर सैकण्डरी स्कूल में आयोजित की जायेगी।

जेठमल शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 131 विद्यार्थी व युवा शामिल होंगे। आर. के. शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के आवेदन की अंतिम तिथि 12 मई रखी गई थी। प्रतियोगियों को प्रवेश पत्र 15 मई से 18 मई तक वितरित किये जायेंगे। प्रवेश पत्र हरोलाई मंदिर के पास निर्मित सूर्य मंदिर से प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तथा सांय 5 से 7 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे। प्रतियोगियों को इससे पूर्व 600 प्रश्नों की प्रश्नावली उपलब्ध करवाई गई थी। जिसमें राजस्थान प्रदेश की सामान्य जानकारी के संबंधित प्रश्न भी शामिल किये गये।

'डॉ. सुरजीत पंजाबी कविता के काव्य गौरव थे'

बीकानेर,(कासं)। मानवीय वेदना - संवेदना के साथ जीवन के सच को अपनी विशिष्ट काव्य शिल्प शैली से पंजाबी साहित्य को नव आयाम देने वाले एवं पंजाबी भाषा एवं संस्कृति को राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित करने वाले पद्मश्री राष्ट्रीय प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित कीर्तिशेष डॉ. सुरजीत पातर का गत दिनों 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से साहित्य जगत में गहरा शोक है।

राजस्थानी भाषा के साहित्यकार एवं केन्द्रीय साहित्य अकादेमी नई दिल्ली के राष्ट्रीय मुख्य पुरस्कार एवं अनुवाद पुरस्कार से सम्मानित कमल रंगा ने कहा कि डॉ. सुरजीत पातर का न रहना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे पंजाबी कविता के काव्य गौरव थे। रंगा ने उनकी चर्चित कविता हजारों परिंदे मेरे मन में कैदी..../सुनूं रात-दिन मैं/ये देते दुहाई, रिहाई-रिहाई....पेश की एवं मां श्रृंखला की कविता की प्रशसा की। रंगा ने आगे कहा कि स्व. डॉ. सुरजीत पातर अपने जीवन काल में वर्ष 2009 में जून माह की 20 व 21 तारीख को बीकानेर प्रवास पर रहे। यह उनका एक मात्र साहित्यक ऐतिहासिक यादगार प्रवास रहा।

रंगा ने कहा कि स्व डॉ. सुरजीत पातर उनकी काव्य कृति 'तिरस री तासीर' के लोकार्पण करने पधारे थे एवं दूसरे दिन उनका बीकानेर में भव्य एकल काव्य पाठ का आयोजन भी हुआ। उन्होंने इस अवसर पर राजस्थानी एवं पंजाबी को दो बहनों की संज्ञा देते हुए राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता का पुरजोर शब्दों में समर्थन किया।

■ डॉ. सुरजीत पातर के निधन से साहित्य जगत में गहरा शोक

युवक व नाबालिग युवती का शव कुंड में मिला

बीकानेर, (कासं)। जिले के देशनोक थानान्तर्गत युवक व नाबालिग युवती का शव गौशाला के पानी के कुंड में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद थानाधिकारी सुमन शेखावत मय जाब्ता मौके पर पहुंची और दोनों शवों को निकालकर देशनोक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। प्रथमदृष्टया प्रेम-प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। मृतक युवक बंगलानगर निवासी 35 वर्षीय पूनमचंद कुम्हार था। जबकि नाबालिग युवती पलाना की थी। दोनों के शव पलाना गांव में एक कुंड में मिले। ऐसी भी जानकारी सामने आ रही है कि पूनमचंद विवाहित था और उसके दो बच्चे भी है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि पूनमचंद एक निजी स्कूल में अध्यापक था। जहां यह नाबालिग अध्ययन करती थी। नाबालिग का ननिहाल बंगला नगर में है।

दसवीं बोर्ड की परीक्षा देने के बाद वो अपने घर पलाना आई हुई थी। जहां पूनमचंद सोमवार शाम को आया और रात को दोनों ने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

■ प्रथमदृष्टया प्रेम-प्रसंग का मामला बताया जा रहा है

एक शाम फनकारों के नाम

बीकानेर, (कासं)। अमन कला केन्द्र व उत्तर- पश्चिम रेलवे ललित कला एवं सांस्कृतिक संस्था बीकानेर मंडल के संयुक्त तत्वावधान कार्यक्रम आज 15 मई शाम 7:00 रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा।

हिन्दी सिनेमा के महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी साहब जन्म शताब्दी समारोह प्रेस फोटोग्राफर एम शाकिर को समर्पित एक शाम पांच फनकारों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अमन कला केनद्र के अध्यक्ष मोहम्मद रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एन. डी. रंगा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि चुग रीजनल सचिव महिला एवं बाल विकास भारत विकास परिषद् व हाजी अयूब अली सोढ़ा डायरेक्टर होटल बाबुल पैलेस करेंगे। विशिष्ट अतिथि हाजी मकसूद अहमद पूर्व महापौर होंगे।

जीप ने टक्कर मारी, गर्भवती की मौत, पति घायल

श्रीगंगानगर, (कासं)। पल्लू कस्बे के पल्लू-अर्जुनसर मेगा हाईवे पर बाइक पर जा रहे दंपती को पीछे से तेज रफ्तार व लापरवाही से जीप चालक ने टक्कर मार दी। जिससे छह माह की गर्भवती पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई व पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जीप चालक मौके पर जीप छोड़कर भाग गया।

आसपास के लोगो ने मौके पर जाकर घायल पति को संभाला व स्थानीय पुलिस थाने में दुर्घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल पति को स्थानीय सीएचसी में भर्ती करवाया व मृतका का शव मोर्चरी रूम में रखवा दिया। घायल पति रमेश उर्फ बलराम पुत्र ओमप्रकाश निवासी वार्ड 18 रावतसर ने दर्ज करवाए मुकदमें में बताया कि वह और उसकी पत्नी माया लुणासर ईंट भट्टे पर कार्य करते हैं। वह अपनी पत्नी सहित अपने ससुराल जैतपुर पुलिस थाना महाजन जा रहा था। जैसे ही पल्लू से निकलकर अंबिका कॉलेज के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक जीप की टक्कर से सड़क पर फिसल गई व पत्नी माया की मृत्यु हो गई और उसके काफी चोटें आई। माया छह माह की गर्भवती थी। चालक जीप को मौके पर ही छोडकर फरार हो गया।

पुलिस ने जीप चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए में मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई राजवीर के सौंप दी। गर्भवती मृतका के परिजनों ने जीप चालक की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव लेने से इंकार करते हुए सीएचसी के आगे धरना लगा दिया। मृतका के परिजन जीप चालक के खिलाफ मृतका के पेट में पल रहे छह माह के शिशु की मौत का जिम्मेदार मानते हुए धारा 302 में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी का मांग की।

■ पल्लू-अर्जुनसर मेगा हाईवे पर बाइक पर जा रहे दंपती को पीछे से तेज रफ्तार जीप ने टक्कर मारी

एस. के. आर. ए. यू. में ई-फाइलिंग व्यवस्था लागू करने के दिए निर्देश

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरूण कुमार ने सभी डीन डायरेक्टर्स की बैठक लेते हुए विश्वविद्यालय में ई-फाइलिंग व्यवस्था प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर से ई-फाइलिंग व्यवस्था लागू करने के निर्देश हैं। लिहाजा विश्वविद्यालय में इसे लागू किया जाए। प्रारंभिक प्रशिक्षण पीएमयू को दिया जायेगा। इससे पूर्व सीआईएमसीए प्रभारी एवं प्रोफेसर सुजीत कुमार यादव ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट और ई-फाइलिंग प्रणाली की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में इस बात पर भी सहमति हुई कि विश्वविद्यालय के लिए अलग-अलग इकाईयों के लिए अलग-अलग वेबसाइट के बजाय एक ही व्यापक वेबसाइट हो। कुलपति डॉ अरूण कुमार ने इस एकीकृत वेबसाइट को नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश सिमका प्रभारी को दिए। साथ ही सभी डीन, डायरेक्टर्स और सभी यूनिट प्रभारियों को अपनी-अपनी इकाईयों के बारे में विस्तृत जानकारी 30 मई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में ये भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, वैज्ञानिकों और अधिकारियों के लिए संस्थागत ई-मेल आईडी बनाई जाए। इससे विश्वविद्यालय के नाम के साथ अनुसंधान साझा करने तथा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सुविधा होगी। बैठक में कुलपति ने विश्वविद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों के सुचारू रूप से चलना सुनिश्चित करने के लिए, वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

एस.के.आर.ए.यू. में ई-फाइलिंग व्यवस्था लागू करने को लेकर हुई बैठक को कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने संबोधित किया।

■ विश्वविद्यालय की वेबसाइट और ई-फाइलिंग प्रणाली की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी

अब कर्मचारियों के नाम से लगेगा एक पौधा

बीकानेर, (कासं)। संभाग के सभी सरकारी कार्यालयों में अब प्रत्येक कार्मिक के नाम से एक-एक पौधा लगेगा। इस पौधे की नियमित देखभाल का जिम्मा उसी कार्मिक का होगा। पौधा गमले में लगेगा व गमले पर उस कर्मचारी के नाम पट्टिका चस्पा होगी।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी की ओर से संभाग में इस नई पहल की शुरूआत की गई है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। संभागीय आयुक्त के अनुसार इस पहल से कार्यालय की खूबसूरती बढ़ेगी। अधिकारियों-कर्मचारियों का ऑफिस के प्रति लगाव बढ़ेगा व पर्यावरण संरक्षण भी होगा। नाम पट्टिका होने व अपने हाथ से पौधा लगाने से कर्मचारी में उस पौधे के प्रति विशेष लगाव रहेगा।

संभागीय आयुक्त कार्यालय सहित खनिज विभाग, कॉलोनाइजेशन विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग में इस पहल की शुरूआत हो चुकी है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर(राज.)

क्रमांकः नियोजन/2024/190 विज्ञप्ति दिनांकः 03/05/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 08 किला नं. 2, 9, 10 में भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 90'-0'' फीट भूमि का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय फ्री होल्ड पट्टा सं. 19691 दिनांक 28.04.2023 द्वारा श्री औमप्रकाश पुत्र श्री पृथ्वीराज के नाम से जारी है। श्री औमप्रकाश द्वारा भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 90'-0'' फीट आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय दर्शाया गया है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8)नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। **सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर(राज.)

क्रमांकः नियोजन/2024/192 विज्ञप्ति दिनांकः 03/05/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 08 किला नं. 2, 9, 10, 11 में भूखण्ड सं. 1-ए-31 भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 90'-0'' फीट भूमि का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय फ्री होल्ड पटटा सं. 18046 दिनांक 12.01.2023 द्वारा श्री उदयपाल पुत्र श्री हरीराम के नाम से जारी है। श्री उदयपाल द्वारा भूखण्ड माप 40'-0'' गुणा 90'-0'' फीट आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ हैं। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय दर्शाया गया है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8)नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। **सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

खानपुर महराणा में पुलिस से घिरा देख बदमाश ने खुद को गोली मारी, मौत

हरियाणा की एस.टी.एफ. पुलिस पीछा कर रही थी, बदमाश पर पांच हजार का इनाम था

खेतडी, (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर महराणा में मंगलवार दोपहर को हरियाणा के एक बदमाश ने खुद को गोली मारी ली। बदमाश को पकड़ने के लिए हरियाणा की एसटीएफ टीम पीछा कर रही थी। बदमाश ने दो हवाई फायर करने के बाद अपने आप को पुलिस से घिरा देखकर कनपटी में गोली मार ली। घटना की सूचना पर झुंझुनूं एसपी राजर्षि राज वर्मा मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि हरियाणा का एक इनामी बदमाश सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर महाराणा में आया हुआ था, जिसकी बहादुरगढ़ एसटीएफ लगातार लोकेशन ट्रेस कर रही थी। बदमाश की लोकेशन खानपुर में होने पर हरियाणा एसटीएफ की ओर से खानपुर क्षेत्र में घेरकर पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाश गांव में बने एक आश्रम से निकलकर खेतों की ओर भागने लगा। जब एसटीएफ के जवानों ने उसका पीछा किया तो वह खेतों में लगी तारबंदी के ऊपर से छलांग लगाता हुआ खेतों में भागने का प्रयास किया। एसटीएफ के जवानों ने जब बदमाश को पुलिस के सामने सरेंडर करने के लिए कहा तो उसने पुलिस पर एक हवाई फायर कर डराने का प्रयास किया, लेकिन एसटीएफ के जवानों ने जब उसकी घेराबंदी की तो उसने अपने आप को घिरा देखकर अपनी कनपटी के ऊपर गोली मार ली। गोली लगने से वह घायल हो गया तो एसटीएफ के जवान उसे सिंघाना के राजकीय अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गोली लगने से घायल बदमाश को एसटीएफ के जवान सिंघाना के राजकीय अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक बदमाश की पहचान कलियाणा जिला चरखी दादरी निवासी संजय प्रजापति उर्फ भेडिया पुत्र लखीराम के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक बदमाश के शव को खेतडीनगर केसीसी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। घटना की सूचना पर एसपी राजर्षि राज वर्मा, एसटीएफ डीएसपी ललित दलाल, बुहाना डीएसपी नोपाराम भाकर, थानाधिकारी कैलाशचंद्र यादव, एएसआई विद्याधर शर्मा ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान झुंझुनूं से डॉग स्कवायड व एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। हरियाणा एसटीएफ की ओर से एसआई धर्मवीर सिंह, एसआई नरेश कुमार, एचसी रवि कुमार, विकास कुमार, कुलदीप, मोहित आदि शामिल थे।

- झुंझुनूं एसपी राजर्षि राज वर्मा मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का मौका मुआयना किया

15 हजार की रिश्वत लेते ए.एस.आई. गिरफ्तार

दुर्घटना प्रकरण में नॉर्मल कार्रवाई करने की एवज में ए.एस.आई. ने रिश्वत मांगी थी

कोटकासिम पुलिस थाने में एसीबी की टीम कार्रवाई की।

कोटकासिम, (निसं)। खैरथल-तिजारा जिले के कोटकासिम पुलिस थाने पर कार्यरत एएसआई रघुवीर मीणा को एसीबी की टीम ने पंद्रह हजार रुपए की रिश्वत के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। रिश्वत एक्सीडेंट मामले में नॉर्मल करवाई की एवज में मांगी गई थी। यह कार्रवाई एसीबी टीम के परमेश्वर लाल यादव के नेतृत्व में की गई।

एसीबी एडिशनल एसपी परमेश्वर लाल यादव ने बताया कि 8 मई को परिवादी ने एसीबी को शिकायत की कि कोटकासिम पुलिस थाने में कार्यरत एएसआई रघुवीर मीणा 15 हजार की रिश्वत की मांग कर रहा है। परिवादी की शिकायत पर सत्यापन किया गया जिसमें एएसआई रघुवीर मीणा की ओर से रिश्वत की मांग करना व रिश्वत के दो हजार रुपए लेना पाया गया। इस दौरान एएसआई छुट्टी पर चला गया। छुट्टी से वापस आने पर एएसआई ने परिवादी को फोन कर थाने बुलाया। एसीबी टीम ने कार्रवाई कर एएसआई रघुवीर मीणा को परिवादी से रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। गौरतलब है कि 7 मई को एसीबी द्वारा तत्कालीन उपखंड अधिकारी द्वारा 12.50 लाख रूपये की रिश्वत मांगने के प्रकरण में एसीबी की टीम द्वारा कार्रवाई की गई थी।

109 किलो डोडा-पोस्त जब्त

ब्यावर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, वृताधिकारी के निकटतम सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम व साकेत नगर थानाधिकारी सुरेश चौधरी मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुऐ ब्रेजा कार से 6 कट्टो में भरे 109.900 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन को किया जब्त किया।

- परिवहन में प्रयुक्त ब्रेजा कार बरामद, चालक फरार

जानकारी के अनुसार जिला स्पेशल टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि केन्द्रीय विद्यालय से सिंघाडिया जाने वाली सड़क के पास नरबदखेड़ा जाने वाले कच्चे रास्ते के मोड़ पर एक ब्रेजा कार खड्डे में खड़ी हैं। सूचना पर जिला स्पेशल टीम व थानाधिकारी सुरेश चौधरी मय टीम के मौके पर पहुंचे तो खड्डे एक सफेद ब्रेजा कार खड़ी मिली। जिसकी तलाशी ली गई तो गाड़ी में प्लास्टिक के कट्टे मिले जिनमें 109.900 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त मिला। कार की तलाशी में फर्जी नम्बर प्लेटें मिली जिनको जब्त किया गया। ब्रेजा कार का चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।

साकेत नगर थाना पुलिस ने कार से डोडा-पोस्त जब्त किया।

दो हजार का इनामी गिरफ्तार

चूरू, (कासं)। दूधवाखारा थाना पुलिस ने दो हजार रुपए के एक इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि ऑपरेशन शिकंजा के तहत अति. पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरवाल आरपीएस व वृताधिकारी वृत चूरू सुनिल कुमार झाझड़िया आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी दूधवाखारा रतनलाल उनि. के नेतृत्व में जिला स्पेशल टीम प्रभारी संजय कुमार हैड कानि. मय टीम द्वारा थाना स्तर पर चिन्हित टॉप-10 एवं इनामी स्थाई वारंटी सतीश कुमार पुत्र शीशराम जाट उनिवासी खेमाणा पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू को गिरफ्तार किया है। वारंटी सतीश कुमार की गिरफ्तारी पर 2000 रुपए का इनाम घोषित था। स्थाई वारंटी सतीश कुमार हत्या के प्रयास के प्रकरण में करीब 12 वर्ष से फरार चल रहा था। उक्त कार्रवाई में साईबर सैल चूरू का भी अहम योगदान रहा है।

पेपर आउट करवाकर नकल कराने वाले गिरोह के दो लोग गिरफ्तार

पाली, (नि.सं.)। प्रदेश में पेपर आउट करवाकर नकल कराने वाले गिरोह के सरगना जगदीश सारण के तार पाली से भी जुड़े हुए हैं। रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ तो आरोपियों ने नेनाराम पटेल का अपहरण कर लिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तो मामले का खुलासा हुआ।

सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी ने बताया कि पाली जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के सेदरिया गांव का नेनाराम पटेल व जोधपुर के मोगड़ा का हरीश पटेल नकल गिरोह सरगना जगदीश से मिले हुए थे। इन दोनों ने जेईएन, शिक्षक, सीएचओ, टैक्नीकल हैल्पर जेसी दस से ज्यादा परीक्षाओं में पेपर आउट कर अयर्थियों को नकल कराकर नौकरी पर लगवाया था। जगदीश के पकड़े जाने के बाद अभ्यर्थियों से लिए रुपयों के बंटवारे को लेकर विवाद में दो दिन पहले हरीश ने अपने साथी की मदद से सेदरिया गांव से नैनाराम पटेल का अपहरण किया और विवाद निपटने पर वायद के पास छोड़ दिया था। हालांकि नैनाराम ने अपने अपहरण की घटना से इंकार किया, लेकिन पुलिस ने छानबीन करते हुए हरीश व उसके साथी को पकड़ा तो नकल गिरोह और पेपर आउट का खुलासा हुआ। सोमवार देर रात को एसओजी की टीम आरोपी हरीश व नैनाराम को लेकर जयपुर गई। पता चला कि दोनों आरोपियों ने पेपर आउट का अभ्यर्थियों से लाखों रुपए वसूले थे। अब एसओजी की टीम जयपुर ले जाकर दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ करेगी।

प्रदेश में पेपर आउट करवाकर नकल कराने वाले गिरोह के दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रोपर्टी कारोबार की आड़ में करा रहे थे पेपर आउट :- जानकारी के अनुसार सेदरिया गांव का नैनाराम पटेल और मोगड़ा गांव का हरीश उर्फ हरीराम पटेल आपस में रिश्तेदार है। दोनों आरोपी प्रोपर्टी कारोबार की आड़ में पेपर आउट कराकर नकल गिरोह के सरगना जगदीश निवासी सांचौर से जुड़े हुए थे। दोनों ने पेपर आउट में कमाए रुपए से जोधपुर, पाली व जैतपुर-वायद में प्रोपर्टी कारोबार में लगाए ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। दोनों ने नई लग्जरी गाड़ियां भी खरीदी। पिछले दिनों एसओजी ने नकल गिरोह के सरगना जगदीश समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अयर्थियों से नकल के बदले लिए गए रुपए नैनाराम व हरीश के पास रह गए। इन रुपयों को लेकर हिसाब-किताब में गड़बड़ी से दोनों में दुश्मनी पैदा हो गई।

अपहरण की घटना पर डाला पर्दा, केस भी दर्ज नहीं :- 11 मई की शाम को सेदरिया गांव से कुछ लोग नैनाराम पटेल को जबरन गाड़ी में डाल कर ले गए। नैनाराम के परिजनों से अपहरण की सूचना पर सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी व जैतपुर एसएचओ राजेंद्रसिंह की टीम ने नाकाबंदी कराते हुए आरोपियों की तलाश तेज की। शाम को सेदरिया गांव का नैनाराम पटेल पुलिस को वायद गांव से मिल गया। जिसने कहा कि प्रोपर्टी कारोबार को लेकर लेनदेन में वह अपनी मर्जी से गाड़ी में बैठकर गया था। उसने पुलिस को गुमराह करते हुए कहा कि उसका अपहरण नहीं हुआ। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपहरण की घटना में शामिल जोधपुर के मोगड़ा निवासी हरीश उर्फ हरीराम पटेल व झंवर के खुडाला गांव के अनेकराम विश्नोई को गिरफ्तार किया तो नैनाराम ने अपहरण का केस दर्ज कराने से इंकार कर दिया। समाज के लोगों ने भी नैनाराम के परिजनों से समझाइश कर केस दर्ज कराने से इंकार कर दिया।

- प्रदेश में पेपर आउट करवा नकल कराने वाले गिरोह के सरगना जगदीश सारण के तार पाली से भी जुड़े

इस पर पुलिस को मजबूरन इन तीनों आरोपियों को रविवार को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार करना पड़ा। पुलिस ने तीनों से अलग-अलग पूछताछ की तो पता चला कि हरीश व नैनाराम नकल गिरोह से जुड़े हैं। पुलिस के इनपुट के बाद एसओजी की टीम सोमवार शाम को रोहट पहुंची और दोनों आरोपियों को जमानत पर छूटते ही अपनी हिरासत में लिया। देर रात को एसओजी दोनों को डिटेल पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

पंचायत समिति प्रधान सहित कई जनों पर एफ.आई.आर. दर्ज

श्रीगंगानगर, (निसं)। पदमपुर क्षेत्र ग्राम पंचायत रतनपुरा में फर्जी दस्तावेजों से निर्माण की स्वीकृतियां जारी करने के मामले में पंचायत समिति पदमपुर प्रधान सुनीता पूनिया, प्रधान पति हनुमान पूनिया, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अरविन्द सहारण व सांवला राम और लेखा सहायक जगदीश गाबा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

- प्रधान पति, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी और लेखा सहायक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ

पदमपुर क्षेत्र ग्राम पंचायत रतनपुरा (75 एलएनपी) के मौजूदा सरपंच प्रतीक दहिया पुत्र चन्द्रदत्त दहिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम पंचायत के वार्षिक योजनाओं के कार्य ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रस्ताव अनुसार पंचायत समिति की ओर से अनुमोदित करवाए जाते हैं, लेकिन राजनीतिक द्वेष भावना के चलते ग्राम पंचायत रतनपुरा के लेटरपैड व सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर पंचायत समिति प्रधान सुनीता पूनिया, प्रधान पति हनुमान पूनिया व तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अरविन्द सहारण व सांवला राम और लेखा सहायक जगदीश गाबा ने षडयंत्र पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्वीकृतियां निकाली।

इसमें रतनपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल सामग्री आपूर्ति के लिए वित्तीय स्वीकृति 6 जनवरी 2023 को निकाली गई। इसमें कार्यालय ग्राम पंचायत रतनपुरा के दस्तावेजों में नये निर्माण कार्यों के कार्य पूर्व प्रस्ताव ग्राम पंचायत की बैठक में नहीं किए गए बल्कि इन लोगों ने फर्जी तौर पर तैयार किया। इसके साथ-साथ गांव के सतपाल नाई के घर से लेकर मोमनराम के घर तक सीसी रोड के निर्माण की स्वीकति चार जनवरी 2023 को तैयार की। जब उसने 19 जनवरी 2023 को पंचायत समिति पदमपुर से इन स्वीकृत कार्य के दस्तावेजों की प्रतिलिपी चाही तो वहां लेखाकार जगदीश गाबा ने देने से मना कर दिया। मामले की जांच पदमपुर थाना प्रभारी सुरेन्द्र को दी गई है।

जमीन विवाद को लेकर बदमाशों ने फायरिंग की

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना गावड़ी मोड़ स्थित एवीवीएनएल कार्यालय के पास जमीनी विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा 4 राउंड फायरिंग करने का मामला सामने आया है। फायरिंग के बाद पीड़ित युवक तुरंत स्कॉर्पियो लेकर डिप्टी ऑफिस पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पीड़ित ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया हैं।

- बदमाशों ने जमीन का एग्रीमेंट कैंसिल करवाने के लिए चार राउंड फायरिंग की
- फायरिंग के बाद पीड़ित युवक कार लेकर डिप्टी ऑफिस पहुंचा और जानकारी दी
- 'स्कॉर्पियो में गोली के खाली खोल मिले, गाड़ी के बाहर छर्रे लगे मिले हैं'

पीड़ित युवक प्रदीप सैनी ने बताया कि उसका कपिल मीना से जमीन का एग्रीमेंट हुआ था। उस जमीन का एग्रीमेंट कैंसिल करवाने के लिए कपिल मीणा के साथी कुलदीप मीणा से चार-पांच महीने पहले धमकी मिली थी। धमकी मिलने के बाद सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने उस समय कहा था कि पाबंद कर दिया गया है अब कुछ नहीं होगा। पीड़ित ने बताया कि आज वह गावड़ी बाईपास से गावड़ी मोड़ पर एक व्यक्ति को 8 लाख रुपए का चैक देने के लिए आ रहा था तभी गावड़ी मोड़ से गावड़ी की तरफ जा रही थार गाड़ी ने पहले तो टक्कर मारी, उसके बाद पीछे के शीशे पर कुलदीप मीणा ने फायरिंग कर दी। थार गाड़ी में करीब 5 से 6 बदमाश सवार थे। फायरिंग करने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस फायरिंग होने की जगह पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया। घटना को लेकर एसपी प्रवीण नायक नुनावत, एएसपी गिरधारी लाल शर्मा और डीएसपी अनुज डाल ने डीएसपी ऑफिस आकर पीड़ित से मामले की जानकारी ली।

पीड़ित प्रदीप सैनी ने कपिल मीणा की जानकारी से गावड़ी बाईपास पर जमीन ली थी। जिला बनने के बाद उस जमीन के पैसे बढ़ गए। कपिल मीना ने कहा कि जमीन वापस लेंगे। इस मामले को लेकर कुलदीप मीणा ने धमकी दी थी। आज कुलदीप मीणा ने पीड़ित प्रदीप सैनी पर फायरिंग की है।

एएसपी गिरधारीलाल शर्मा ने कहा कि घटना की सूचना लेट मिली, जिस वजह से आरोपी भाग निकले। अलग-अलग टीम गठित कर नाकाबंदी करवाई गई है, आरोपियों की तलाश की जा रही। स्कॉर्पियो में गोली के खाली खोल मिले। गाड़ी के बाहर छर्रे लगे मिले हैं। पुलिस ने खाली खोल को जब्त कर लिया है।

खेतड़ीनगर की पहाड़ियों में आग लगी

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के गोठड़ा ग्राम पंचायत के वार्ड नं. पांच रामदेव मौहल्ला स्थित पानी की टंकी के पास सोमवार देर शाम को पहाड़ी पर अचानक आग लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन हवा तेज होने के कारण आग देखते ही देखते पूरी पहाड़ी पर फैलने लगी। इस दौरान ग्रामीणों की सूचना पर खेतडी नगरपालिका दमकल व केसीसी की दमकल मौके पर पहुंची, तीन घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया।

समाजसेवी हरीराम गुर्जर ने बताया कि रामदेव मौहल्ला स्थित पानी की टंकी के पास पहाड़ी में शाम को आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंच कर देखा तो पहाड़ी के ऊपरी क्षेत्र पर तीन-चार जगह आग की लपटें उठ रही थी। पहाड़ी में लगी आग को देखकर केसीसी दमकल व खेतड़ी नगरपालिका दमकल को सूचित किया गया। आग पहाड़ी के ऊपरी क्षेत्र में लगने के कारण दोनों दमकल पहाड़ होने के कारण मौके तक नहीं पहुंच पाई। ग्रामीणों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने वाटर सीओ व डाई पाउडर सिलेंडर से छिड़क कर तीन घण्टे की बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायरमैन गौतम चौधरी ने बताया कि संकरी गली व पहाड़ी एरिया होने के कारण दमकल मौका स्थल तक नहीं पहुंच पायी जिसके चलते सिलेंडरों से आग पर बुझाई गई।

कलेक्टर और एस.पी. ने देवली में 650 मीट्रिक टन अवैध बजरी का भंडारण जब्त किया

शाहपुरा कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत व एसपी राजेश कांवट ने की कार्रवाई, सूचना लीक होने से बजरी माफिया वाहन एवं जेसीबी मशीन लेकर मौके से फरार हो गये

देवली, (निसं)। निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र की छोटी लुहारी गांव में सोमवार की देर रात को शाहपुरा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए 650 मीट्रिक टन अवैध बजरी के भंडारण को जब्त किया है।

उल्लेखनीय है कि यहां हनुमान नगर थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन खुलेआम होता है। इसी की रोकथाम को लेकर शाहपुरा जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत एवं एसपी राजेश कावट ने मिलकर अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए 650 मीट्रिक टन बजरी का भंडारण जब्त किया लेकिन कार्रवाई की सूचना लीक होने से बजरी माफिया वाहन एवं जेसीबी मशीन लेकर मौके से फरार हो गए।

जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि उन्हें सोमवार रात को सूचना मिली कि जहाजपुर उपखंड क्षेत्र के हनुमान नगर थाना क्षेत्र की लुहारी कलां ग्राम पंचायत की चरागाह भूमि पर सैकड़ों टन अवैध रूप से बजरी के दो स्टॉक स्थापित किये हुए हैं। सूचना पर कलेक्टर शेखावत, एसपी कावट तुरंत मौके पर पहुंचे। यहां दोनों अधिकारियों ने अवैध बजरी के भंडारण पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर 650 मीट्रिक टन बजरी जब्त की। कार्रवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि छोटी लुहारी कला ग्राम के चरागाह भूमि पर लगे अवैध बजरी के स्टॉक की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं देने पर संबंधित क्षेत्र के गिरदावर एवं पटवारी की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए चार्जशीट दी जाएगी। वहीं इस कार्रवाई की सूचना लीक होने पर हनुमान नगर थाना पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

देवली के पास हनुमान नगर थाना क्षेत्र की छोटी लुहारी में अवैध बजरी के भंडारण को जब्त किया।

ग्रामीणों का मानना है कि काफी समय से यहां पर बजरी का अवैध कारोबार पनप रहा था। ऐसे में बजरी के अवैध भंडारण के विरुद्ध सोमवार रात को हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट, उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार, तहसीलदार, इत्यादि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

- अवैध बजरी के स्टॉक की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं देने पर संबंधित गिरदावर एवं पटवारी की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए चार्ज शीट दी जाएगी

शाहपुरा पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट ने कार्रवाई की सूचना लीक होने पर कहा कि माफियाओं के सूचना तंत्र के लोग जगह-जगह पर बैठे रहते हैं। माफिया तंत्र दिन रात पल पल पुलिस की निगरानी करते हैं। अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पूरे जिले में पुलिस गस्त का पेटर्न चेंज किया गया है। ऐसे हालात पर अब जिले में पुलिस की 15 गाड़ियां गश्त करेंगी।

मदारी का 'जमूरा' बनाने के लिए बच्चों का अपहरण करने वाली गैंग गिरफ्तार

जी.आर.पी. पुलिस ने खानाबदोश परिवार के 5 लोगों को गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

- इस गैंग ने 10 दिन पहले कोटा रेलवे स्टेशन से 4 वर्षीय बच्चे का अपहरण किया था, जबकि दूसरे बच्चे को 10 साल पहले गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन से उठाया था
- पुलिस ने आशंका जताई है कि यह बदमाश, बच्चों को दवाईयां देकर उसकी दिमागी हालत कमजोर करते हैं, फिर तमाशे के लिए उसका जानवरों की तरह इस्तेमाल करते हैं

जयपुर । राजकीय रेलवे पुलिस (जी.आर.पी.) और जयपुर पुलिस की टीम ने मंगलवार को एक ऐसे खानाबदोश परिवार को धरदबोचा, जो बच्चों का अपहरण करता था। इस परिवार से पुलिस ने दो बच्चों को दस्तयाब किया है। इनमें एक बच्चा 10 दिन पहले कोटा रेलवे स्टेशन से अपहरण किया गया था। जबकि दूसरे बच्चे का 10 वर्ष पहले गंगापुरसिटी रेलवे स्टेशन से अपहरण हुआ था।

एडीजी अनिल पालीवाल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी परिवार ने बताया कि पहले उनका मूल काम मदारी का था और जानवरों पर प्रतिबंध लगने के बाद वह बच्चों को जमूरा (करतब दिखाने) बनाकर खेल दिखाते हैं। कोटा रेलवे स्टेशन से बच्चे का अपहरण जमूरा बनाने के लिए किया था। मूलतः हरियाणा के भिवानी हाल किशनबाग झुग्गी झौपड़ी निवासी प्रेम सिंगीवाल (65) उसकी पत्नी लज्जो (55), बेटा अर्जुन (30), कर्ण (22) व मुख्य सरगना मुकेश मदारी (19) को गिरफ्तार किया।

एडीजी अनिल पालीवाल बताया कि बच्चे का अपहरण करने वाला मास्टर माइंड मुकेश मदारी है। वह परिवार के साथ किशनगढ़ (अजमेर) में एक शादी समारोह में परिवार के साथ बर्तन साफ करने के लिए गया था। वहां से 5 मई की सुबह 11 बजे अपना मोबाइल मां लज्जो को देकर चमडा घर से एक बाइक चोरी कर भाई करण के साथ शाम तक कोटा पहुंच गया। कोटा रेलवे स्टेशन पर बच्चे के पिता उसे अकेले बैठाकर टिकट लेने चले गए, तभी आरोपी बच्चे को उठाकर ले गए।

जीआरपी कोटा के वृत्ताधिकारी चांदमल के नेतृत्व में 5 टीमें बनाई गई। बच्चे की तलाश में 280 किलोमीटर क्षेत्र में 470 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। तब जाकर अपहरणकर्ताओं का सुराग लगा और पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी मुकेश बच्चे को पहले भोपाल में अपने ससुराल ले गया, लेकिन ससुराल वालों ने अपहृत बच्चे को रखने से मना कर दिया, तब वह भोपाल से ट्रेन में जयपुर पहुंचा था।

एस.पी. जोशी ने बताया कि आरोपियों से 10 वर्ष पहले अपहृत बच्चे का उसके परिजन से डीएनए करवाया जाएगा। इसके बाद बच्चा उनके सुपुर्द किया जाएगा। वह बच्चा मंदबुद्धि है। आशंका है कि अपहरण करने के बाद बच्चे की दिमागी हालत कमजोर करने के लिए उसे दवाइयां दी गई है। यह भी आशंका है कि गैंग बच्चों से चोरी करवाने का काम करती है। पुलिस उनसे और पूछताछ कर रही है।

नई शिक्षा नीति को सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू किया जाएगा : मिश्र

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठक को संबोधित किया।

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास समावेशी कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थानीय उद्योगों एवं विश्वविद्यालय सहभागिता से रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध एवं अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू किया जाए।

मिश्र मंगलवार को राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, सामाजिक न्याय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया।

राज्यपाल ने बैठक में कहा कि विश्वविद्यालयों में बायोमेट्रिक/मोबाइल एप आधारित उपस्थिति की व्यवस्था 30 मई तक सभी विश्वविद्यालयों में तत्परता से लागू की जाएगी। चरणबद्ध रूप से यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों में भी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवगठित विश्वविद्यालयों में संपत्तियों, दायित्वों, भूमि, पेंशन तथा अन्य मुद्दों के लिए कमेटी का गठन कर कार्य किया जाएगा। इसमें संबंधित जिला कलेक्टर भी सम्मिलित होंगे ताकि नए विश्वविद्यालयों से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय अब प्रत्येक विश्वविद्यालय पांच-पांच ग्राम गोद लेकर उनके विकास के लिए कार्य करेंगे।

राज्यपाल ने कुलपतियों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में उच्च शिक्षा में नवाचार अपनाते हुए विद्यार्थियों में मौलिक शोध और अनुसंधान की दृष्टि विकसित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी यह प्रयास करें कि विश्वविद्यालयों में बहु विषयक और अंतर विषयक अनुसंधान और पठन-पाठन की दिशा में कार्य हो। हर विश्वविद्यालय में इनोवेशन सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, नवीन स्टार्टअप के लिए भी निरंतर कार्य हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक घरानों से विचार विमर्श कर कौशल विकास हेतु विश्वविद्यालय विशेष रूप से कार्य करें। बैठक में जिन विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा उपकरण नहीं लगे हैं, वहां 30 जून तक कार्यवाही किए जाने के भी राज्यपाल ने निर्देश दिए।

दुर्लभ बीमारी से पीड़ित हृदयांश को 17.50 करोड़ का इंजेक्शन लगाया

अमेरिका से जयपुर के जे.के. लोन हॉस्पिटल लाया गया इंजेक्शन

- जन्म के 6 महीने बाद से ही हृदयांश स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) बीमारी से पीड़ित था
- इंजेक्शन लगने के बाद बच्चे को 24 घंटे के लिये डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया, वहीं दो महीने तक उसकी दूसरी दवाईयां चलेगी।
- पुलिस महानिदेशक यू आर साहू और भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने इंजेक्शन के लिए राशि जुटाने में पूरे पुलिस परिवार से सहयोग की अपील की थी।

जयपुर। राजधानी के जेके लोन हॉस्पिटल में मंगलवार को 23 महीने के हृदयांश को अमेरिका से मंगवाया गया साढ़े सत्रह करोड़ रुपए का जोल गेनेस्मा इंजेक्शन लगाया गया। अस्पताल में रेयर डिजीज यूनिट के इंचार्ज डॉक्टर प्रियांशु माथुर और उनकी टीम ने यह इंजेक्शन लगाया।

हृदयांश स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है, जिसके इलाज के लिए इंजेक्शन की जरूरत थी। परिवार क्राउड फंडिंग के जरिए पैसे जुटाने में लगा था। डॉ प्रियांशु माथुर ने बताया कि इंजेक्शन लगने के बाद बच्चा 24 घंटे डॉक्टर्स की निगरानी में रहेगा। इसके बाद दो महीने तक बच्चे के दवाईयां चलेगी। फिर वह आम लोगों की तरह जीवन यापन कर सकेगा। इंजेक्शन दोपहर दो बजे तक लगाया जाना था। लेकिन पेपर वर्क कंप्लीट होने में समय लगा। जिसकी वजह से शाम करीब छह बजे यह इंजेक्शन बच्चे को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इंजेक्शन के जरिए बच्चे को साठ मिनट में दवा दी गई। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में यह दवा अब तक 35 सौ बच्चों को दी जा चुकी है और इसके बाद वे स्वस्थ्य हो गए। इस बीमारी से 99.5 प्रतिशत बच्चे बच चुके है। प्रारम्भिक तौर पर इस दवा का असर सात से दस दिन में होना शुरू हो जाता है।

दरअसल, हृदयांश का परिवार अलवर के मसारी का रहने वाला है। हृदयांश के पिता नरेश शर्मा मनिया (धौलपुर) पुलिस थाने में एसचओ हैं। हृदयांश के माता-पिता नरेश शर्मा और शमा की शादी 7 साल पहले हुई थी। बेटी शुभी (6) के बाद हृदयांश के जन्म से पूरे परिवार में खुशी थी। सिजेरियन डिलीवरी से हृदयांश का जन्म हुआ था। जन्म के समय हृदयांश को किसी तरह की परेशानी नहीं थी। 6 महीने तक वह अपनी बॉडी का अच्छा मूवमेंट करता था। 6 महीने बाद जब परिवार के लोगों ने किसी सहारे से खड़ा करने की कोशिश की तो वह खड़ा नहीं हो पाया था। इसके बाद बीमारी का पता चला था। उसके माता पिता जयपुर में रहकर इलाज करवा रहे थे।

सहयोग के लिये आभार जताया

इंजेक्शन लगाने के बाद डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया कि इस बीमारी के कारण मसल्स में कमजोरी आने लगती है। बच्चे को चलने-फिरने में परेशानी होती है। सांस रुकने की भी संभावना रहती है। पहले भी दो बच्चों को थैरेपी दे चुके हैं। अब बच्चे को 24 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखेंगे।

बच्चे के नाना नरेश कुंबज ने इस मुहिम में सभी का सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने भी बेटा समझकर हृदयांश की मदद की। उन्होंने कहा कि अब बच्चे के स्वस्थ होने की दुआ करें।

हृदयांश के चाचा स्वप्निल ने बताया कि इंजेक्शन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी ने भी हृदयांश के इलाज में काफी मदद की है। उन्होंने इंजेक्शन की 17.5 करोड़ रुपए की राशि को चार किश्तों में जमा कराने की छूट दी है। अब तक क्राउड फंडिंग से जमा हुए 9 करोड़ रुपए से इंजेक्शन की पहली किश्त जमा करा दी है। बाकी राशि को तीन किश्तों में एक साल में जमा कराया जाएगा। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने इंजेक्शन के लिए राशि जुटाने में पूरे पुलिस परिवार से सहयोग की अपील की थी। वहीं भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने भी राशि जुटाने के लिए पूरे प्रयास किए।

सांसद-विधायक भी आगे आए

भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने पूरे मामले को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को आर्थिक सहायता देने के लिए पत्र लिखा था। वहीं, राजस्थान सरकार में मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर इंजेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए कहा था। बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने अपने विधायक कोष से हृदयांश के परिजनों को 21 लाख रुपए देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा था।

क्रिकेटर सरफराज व चाहर जुड़े थे मुहिम से

इस बीमारी की वजह से हृदयांश घुटनों के बल चल भी नहीं पा रहा था। परिवार को पता चला कि 17.50 करोड़ के इंजेक्शन से बेटे का इलाज हो सकता है, लेकिन इतने पैसे नहीं थे। इंजेक्शन खरीदने के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम चलाई गई। भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर और सरफराज खान ने भी हृदयांश की जान बचाने के लिए अपील की थी। दीपक ने वीडियो जारी कर कहा था कि राजस्थान पुलिस के इंस्पेक्टर नरेश शर्मा के बेटे हृदयांश को गंभीर बीमारी है। यह बीमारी दुर्लभ है। इसके इलाज का खर्च भी काफी महंगा है। मुझसे जितनी मदद हो सकेगी, मैं करूंगा।

सरफराज ने कहा था कि राजस्थान पुलिस में कार्यरत इंस्पेक्टर के बेटे की तबीयत काफी खराब है। उसके इलाज के लिए करोड़ों की कीमत के इंजेक्शन की जरूरत है। सरफराज ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा डोनेशन देने की अपील की थी।

'वर्दी में वीडियो अपलोड करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई'

जयपुर। प्रदेश में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वर्दी में गैर पुलिसिंग मुद्दों पर वीडियो, रील या स्टोरी आदि अपलोड करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में राजस्थान पुलिस के मुखिया यू आर साहू द्वारा मंगलवार को सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

पुलिस महानिदेशक साहू ने बताया कि पुलिसकर्मियों द्वारा वर्दी में स्वयं के वीडियो, रील और स्टोरी जिनका पुलिस कार्य से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं होता है, उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट या अपलोड करना पुलिस नियमों के खिलाफ है।

फर्जी एन.ओ.सी. से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले की जांच के लिए एस.आई.टी.गठित

सरकार के आदेश पर बनाई 8 सदस्यों की टीम, जयपुर पुलिस कमिश्नर करेंगे मॉनिटरिंग

जयपुर। फर्जी एनओसी से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी गठन करने के आदेश दिए थे। इस पर जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने एसआईटी का गठन कर दिया है। ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में दर्ज तीनों एफआईआर की जांच एसआईटी करेगी। एसआईटी में 8 पुलिस अधिकारी और कांस्टेबल को शामिल किया गया है। एसआईटी की जांच की मॉनिटरिंग जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ करेंगे।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में हर दिन नई जानकारी टीम के पास आ रही है। इस पर पुलिस टीम के द्वारा काम किया जा रहा है। इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन कर दिया गया है, जिसमें जिम्मेदार पुलिस अधिकारी रहेंगे, जो पहले दिन से इस केस पर काम भी कर रहे हैं।

एसआईटी में एसीपी गांधी नगर गोपाल सिंह ढाका और एसीपी पुलिस लाइन हेमराज मूंड, 2 पुलिस निरीक्षक हवा सिंह मंगावा और भवानी सिंह, 2 एएसआई मूल सिंह और धर्मेंद्र कुमार के साथ-साथ 2 कांस्टेबल चैन सिंह और सुभाष चंद्र रहेंगे। इस केस की मॉनिटरिंग जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ करेंगे।

उधर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में गिरफ्तार फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी और संदीप गुप्ता को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को 15 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा था। गिरफ्तार डॉक्टर जितेंद्र गोस्वामी से हुई पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सामने आया है कि जितेंद्र गोस्वामी एसएमएस अस्पताल के एएओ गौरव सिंह से डायरेक्ट संपर्क में था। जब तक वह मणिपाल हॉस्पिटल में रहा, उसने वहां पर कई ट्रांसप्लांट किए थे। आरोपी ने जब फोर्टिस अस्पताल जॉइन किया तो भी गौरव के संपर्क में रहा और हॉस्पिटल के कई स्टाफ को अपने साथ मिला चुका था। जानकार सूत्रों की माने तो पुलिस जल्द ही फोर्टिस, ईएचसीसी और मणिपाल हॉस्पिटल प्रशासन को पूछताछ के लिए बुला सकता है।

स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों फर होगी कार्रवाई

जयपुर। प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बिना सूचना के लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुये ऐसे कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये हैं। सिंह के निर्देशों के बाद निदेशक राकेश कुमार शर्मा ने समस्त राजकीय मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रकों, समस्त अधीक्षकों, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रमुख चिकित्साधिकारियों सहित सभी नियंत्रण अधिकारियों को पत्र लिखकर ऐसे कार्मिकों की सूचना मांगी है।

वी.के.आई. में पशु आहार फैक्ट्री में आग

जयपुर । विश्वकर्मा थाना इलाके में मंगलवार सुबह एक पशु आहार की फैक्ट्री में आग लग गई। आग की सूचना पर आधा दर्जन से अधिक दमकल मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वीकेआई थाना पुलिस ने बताया कि वीकेआई रोड नंबर 8 के पास प्रेम मोटर्स के नजदीक स्थित पशु आहार की फैक्ट्री में आग लग गई।

पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने में संबंधित विभाग फेसिलिलेटर की भूमिका निभाएं : पंत

- माइंस विभाग द्वारा राज्य स्तर पर कोऑर्डिनेशन की दो अधिकारियों को जिम्मेदारी

जयपुर, (का.सं.)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त खानधारकों को राज्य स्तरीय समिति सीया से पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने में संबंधित विभागों को फेसिलिलेटर की भूमिका निभानी होगी। उन्होंने माइंस, पर्यावरण, राज्य स्तरीय एंवायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी, डिया से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त खान व क्वारी लाइसेंस धारकों से परस्पर सहयोग व समन्वय से तय समय सीमा में पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने को कहा है।

मुख्य सचिव सुधांश पंत मंगलवार को सचिवालय में माइंस, पर्यावरण, सीया और सेक के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त करीब 24 हजार 5 हैक्टेयर तक की लीज व क्वारी लाइसेंस वाली खानों के आवश्यक दस्तावेज परिवेश पोर्टल पर अपलोड़ कर दिए गए है। सीया द्वारा करीब 12 हजार आवेदनों की स्क्रूटनिंग का काम भी कर लिया गया है। अब शेष रहे आवेदनों की स्क्रूटनिंग के काम में तेजी लाने के साथ ही स्क्रूटनिंग हो चुके आवेदनों के खान धारकों द्वारा फार्म दो का परिवेश पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। स्क्रूटनिंग वाली खानों के खानधारक स्वयं या माइंस विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए अविलंब फार्म 2 अपलोड़ करें ताकि राज्य स्तरीय अथॉरिटी द्वारा पर्यावरण स्वीकृतियां जारी हो सके। उन्होंने छोटी मोटी कमियों को पूरा कराने के लिए अनावश्यक पत्राचार के स्थान पर औपचारिकताओं को सीधे संबंधित से पूरी कराने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

मुख्य सचिव पंत ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा डिस्ट्रक्ट लेवल एन्वायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति वाले खानधारकों को राज्य स्तरीय एन्वायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी से एक साल में पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिये गये थे। एनजीटी के आदेशों के अनुसार जिला स्तर से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त इन खान धारकों को राज्य स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृति लिया जाना जरुरी है। उन्होंने माइंस विभाग द्वारा करीब 24 हजार खानों के दस्तावेज परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर पूरी करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि माइंस प्रदेश की महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि से जुड़ा विभाग है और इससें लाखों लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में माइनिंग गतिविधियां निर्बाध जारी रखने के लिए समय पर औपचारिकताएं पूरी कराकर राज्य स्तरीय पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराना जरुरी है। अतिरिक्त मुख्य सचिव वन व पर्यावरण अपर्णा अरोड़ा ने बताया कि माइंस व पर्यावरण विभाग द्वारा परस्पर सहयोग से प्राथमिकता से स्क्रूटनिंग कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीया द्वारा 12 हजार आवेदनों को वेलिडेटेड कर लिया गया है और संबंधित खान धारकों को परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड करने को कहा गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विभाग द्वारा सहयोगी की भूमिका निभाते हुए वेलिडेशन का कार्य किया जा रहा है।

सार-समाचार

प्रभाशंकर उपाध्याय का सम्मान किया

जयपुर/सवाईमाधोपुर । सृजन साहित्य सेवा संस्थान तथा नोजगे पब्लिक स्कूल श्रीगंगानगर के तत्वावधान में आयोजित सृजन सम्मान समारोह में सवाईमाधोपुर के वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रभाशंकर उपाध्याय को रविवार को माता नामदेवी व्यंग्य सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य विविध विधाओं के लिए अनेक मूर्धन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया। इन सम्मानों के लिए चार सदस्यीय निर्णायक समिति ने अपने विवेक, अध्ययन और अनुभव के आधार पर साहित्यकारों का चयन करती है। समारोह में मंचाधीश अतिथियों ने प्रभाशंकर उपाध्याय को सम्मान स्वरूप ग्यारह हजार रूपये का चैक, मान-पत्र, शाल आदि प्रदान दिए आदि प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि प्रभाशंकर उपाध्याय के चार व्यंग्य संकलन, एक उपन्यास बहेलिया और डायरी लेखन की तर्ज पर 'यादों के दरीचे' नामक संस्मरणात्मक पुस्तक है।

रमेश सैनी को स्टेट अचीवमेंट अवॉर्ड

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दिल्ली शाखा राजस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएनएआई) की ओर से अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर बिरला ऑडिटोरियम में जनाना हॉस्पिटल ओपीडी प्रभारी रमेश सैनी को राज्य स्तरीय "स्टेट अचीवमेंट अवार्ड 2024" से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान टीएनएआई के नेशनल प्रेसीडेंट डॉ. रॉय के.जॉर्ज, स्टेट चेयरमैन व वाइस प्रेसीडेंट डॉ.जोगेंद्र शर्मा एवं राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की रजिस्ट्रार सुश्री भारती ने प्रदान किया। सैनी गत 28 वर्षों से नर्सिंग सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं, सैनी को यह सम्मान नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवाओं कोरोना जैसी महामारी में मरीजों की सेवा करने, कोविड टीकाकरण अभियान और नर्सिंग क्षेत्रा में अच्छा मैनेजमेंट किये जाने पर दिया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज से डॉ.जगदीप सैनी, एसएमएस से हेमराज गुप्ता, राजकुमार राजपाल, मानसिक हॉस्पिटल से रविन्द्र सैनी एवं गणगौरी हॉस्पिटल ओमप्रकाश को भी सम्मानित किया गया।

निःशुल्क समर कैंप का आगाज

जयपुर । सीकर रोड स्थित मनीष पब्लिक स्कूल जोड़ला पर ग्रीष्मकालीन निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ हरिओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, जयपुर ग्रेटर नगर निगम के चेयरमैन नरेंद्र सिंह शेखावत और समाजसेवी संजय मेठी ने सरस्वती माता के दीप प्रज्ज्वलित करके किया। पंकज गोयल ने बताया कि बच्चों को गर्मियो की छुट्टियों में समर कैंप में जरूर जाना चाहिए इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है । संस्था की डायरेक्टर प्रिया सिन्हा ने बताया कि जयपुर में 11 स्थानों पर निःशुल्क समर वेकेशन कैंप लगाए जा रहे हैं। शिविर में सिलाई, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ब्यूटीशियन कोर्स ,डांस, हैंडराइटिंग, इंग्लिश स्पोकन, सेल्फ डिफेंस आदि का प्रशिक्षित अध्यापकों के द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में महावीर सिंह निठारवाल डायरेक्टर मनीष पब्लिक स्कूल, डायरेक्टर प्रिया सिन्हा, उपाध्यक्ष राज शर्मा, कोषाध्यक्ष मीरा गोयल, उपासना चौहान, राजकुमार अग्रवाल, सुनील चौधरी, वंशिका चौहान, चंचल गोयल, सुमन सैनी, रेहान, एकता कंवर व सैकड़ों विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

दो रेस्टोरेंट्स पर खाद्य टीम की छापेमारी

जयपुर । मिलावट को रोकने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को जयपुर में अजमेर रोड स्थित दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि अजमेर रोड स्थित मैसर्स पिंक पर्ल (चोखा पंजाब) में निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान फ़ूड लाइसेंस डिसप्ले नहीं होना पाया गया। हाईजीन, सेनिटेशन की स्थिति अच्छी नहीं होने के साथ ही यहां कार्यरत वर्कर्स का मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं था। साथ ही यहां वाटर टेस्टिंग और पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट भी नहीं पाई गई। इन सभी कमियों को देखते हुए फ़ूड सिक्योरिटी एक्ट 2006 की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया तथा मौके से पनीर, गुलाब जामुन, दही, सोयाबीन तेल और ग्रेवी के नमूने जाँच के लिए गए। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी और नंद किशोर कुमावत शामिल रहे। इसी प्रकार अजमेर रोड, 200 फ़ीट स्थित होटल हाईवे किंग निरीक्षण कर कार्रवाई की गई।

भाषा, साहित्य, संस्कृति और शोध के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कार्य



हिन्दी प्रचार समिति श्रीडूंगरगढ़ के अध्यक्ष श्याम महर्षि एवं मंत्री रवि पुरोहित और जनार्दन राय नागर विवि. के रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली ने एमओयू साइन किया।

- हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ और जनार्दन राय नागर विवि का एमओयू
- इस समझौते से संसाधनों की कमी से रूके शोध, सर्वेक्षण, प्रकाशन और आयोजनों को गति मिलेगी
- राजस्थानी व हिन्दी भाषा, साहित्य के अध्ययन, अनुसंधान को बढावा मिलेगा

बीकानेर, (कासं)। साहित्य अकादमी, दिल्ली, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर, राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर से सम्बद्ध-मान्यता प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा से शोध संस्थान के रूप में अधिस्वीकृत श्रीडूंगरगढ़ की 1961 में स्थापित ख्यात संस्था राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति और उदयपुर के प्रख्यात विश्वविद्यालय जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के मध्य गतिविधियों के संचालन के लिए आगामी 5 वर्षों लिए एमओयू पर उदयपुर में हस्ताक्षर किये गये।

विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली और समिति की ओर से अध्यक्ष श्याम महर्षि एवं मंत्री रवि पुरोहित ने कुलपति कर्नल प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत की उपस्थिति में समझौता किया। श्रीडूंगरगढ़ की संस्था जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के सहयोगी संस्थान के रूप में अधिस्वीकृत हुई। विश्वविद्यालय और समिति से जुड़े छात्रों, संकाय सदस्यों, शोधार्थियों व अन्य व्यक्तियों के मध्य राजस्थानी व हिन्दी भाषा, साहित्य, इतिहास, पुस्तकालय विज्ञान, पर्यावरण और संस्कृति के अध्ययन, अनुसंधान और प्रसार को बढावा मिलेगा।

भाषा, साहित्य और संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लिए कार्यशालाओं, सेमिनारों, सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पुस्तकालयों, अभिलेखागारों, सांस्कृतिक अनुरक्षण और ज्ञान के अन्य भण्डारों के विकास, डिजिटलीकरण और रख-रखाव के लिए अनेक कार्य होंगे। इस समझौते के बाद पीएचडी करने वाले शोधार्थियों को राजस्थानी, हिन्दी, इतिहास, सोशियल साइंस और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों में शोध करने की सुविधा का मार्ग प्रशस्त होगा।

संस्था का 20 हजार पुस्तकों का अपना पुस्तकालय है और आईसीएचआर के स्कॉलर सहित देश-भर के शोधार्थी यहां अपने शोध कार्य के लिए आते रहे हैं। इस समझौते से संसाधनों की कमी से रूके शोध, सर्वेक्षण, प्रकाशन और आयोजनों को गति मिलेगी। समिति की सिस्टर्न कंसर्न मरूभूमि शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित द्विभाषी पत्रिका 'जूनी ख्यात' यूजीसी की केयर लिस्ट में पूर्व से शामिल है।

राजस्थानी की सबसे पुरानी पत्रिका राजस्थली भी पिछले 47 वर्षों से अनवरत प्रकाशित हो रही है। संस्था द्वारा 70 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी है। इस एमओयू के बाद विश्वविद्यालय और समिति की बौद्धिक सम्पदा एक दूसरे से साझी की जायेगी। कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर, साहित्यकार किशन दाधीच, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. हेमशंकर दाधीच, भगवतीलाल सोनी, जयकिशन चैबे, निजी सचिव के. के. कुमावत, डॉ. ललित सालवी, डॉ. यज्ञ आमेटा, विकास डांगी सहित अनेक अकादमिक सदस्य एमओयू आदान-प्रदान के साक्षी रहे।

14 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में नशा मुक्ति के लिये चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर की जांच व निरीक्षण किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की कमियां व अनियमितता पाये जाने पर 14 मेडिकल स्टोर के अनुज्ञा पत्र निलम्बित तथा दो निरस्त किए।

सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि हेल्थ केयर फार्मेसी श्रीगंगानगर का 27 मई से 5 जून तक, साकेत मेडिकल होलसेल एण्ड जनरल स्टोर गजसिंहपुर का 27 से 29 मई, श्री भैरव मेडिकल स्टोर रोजड़ी घडसाना का 27 मई से 5 जून तक, मैड्स फार्मा श्रीगंगानगर का 27 से 29 मई तक, श्री रामदेव मेडिकल स्टोर वीपीओ ततारसर श्रीगंगानगर का 27 मई से 2 जून, जयहिन्द मेडिकल स्टोर श्रीगंगानगर का 20 मई, मयंक मेडिकल स्टोर श्रीगंगानगर का 27 मई से 2 जून, पार्थ मेडिकल एजेंसी सूरतगढ़ का 27 मई से 25 जून, खिलेरी मेडिकल स्टोर वीपीओ 3केएसडी सुखचैनपुरा का 27 मई से 25 जुलाई तक, श्री कृष्णा मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर रायसिंहनगर का 27 से 28 मई, फ्रेंडस मेडिकोज नई मण्डी घडसाना 27 मई से 10 जून तक, जय बालाजी मेडिकल सादुलशहर का 27 से 31 मई, सारिका मेडिकल जैतसर का 27 से लेकर 31 मई और सुपर मेडिकल स्टोर सूरतगढ़ का 27 मई से 5 जून तक निलंबित किया।

सार-समाचार

कैडेट्स को सेना में जाने की सलाह दी

वेटरनरी विश्वविद्यालय एन.सी.सी. यूनिट का ग्रुप कमांडर कर्नल गौरव ने निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर स्थित 1 राज आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट के निरीक्षक के दौरान ग्रुप कमांडर, जोधपुर कर्नल गौरव ने रविवार को एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कॉलेज एजुकेशन में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत स्टूडेंट्स को परंपरागत कोर्सेस के साथ अपनी पंसद के सर्टिफिकेट कोर्सेस करने की छूट दी गई है। अतः विद्यार्थी एकेडमिक कोर्सेस के साथ-साथ एन.सी.सी. ज्वाइन करके इसका लाभ ले सकते हैं। जो कि उनके करियर विकास में सहायक सिद्ध होगी। निरीक्षण के दौरान कर्नल गौरव ने यूनिट का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए कैडेट्स को एनसीसी के द्वारा सेना में जाने हेतु भी प्रेरित किया। कर्नल गौरव ने इस मौके पर सभी एएनओ एवं सीटीओ को संबोधित करते हुए एनसीसी द्वारा प्रदत ऑनलाइन पोर्टल से सभी कैडेट्स के पंजीकरण एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को संपादित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कैडेट्स ने हॉर्स जंपिंग, टेंट पैकिंग एवं अन्य गतिविधियों की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी. एस. दुहन ने बताया विद्यार्थी स्कूल और कॉलेज स्तर पर एनसीसी के आर्मी, नेवी और एयर फोर्स तीनों ही विंग के विभिन्न लेवल सर्टिफिकेट कोर्सेस ज्वाइन कर सकते हैं जो कि उनमें एकता के साथ-साथ अनुसाशन और टीम लीडरशिप की गुणवत्ता को विकसित करने में सहायक होगा। साथ ही हॉर्स राइडिंग को अपना जुनून बनाकर इससे अपना करियर एवं व्यक्तित्व विकास भी कर सकते हैं। इस मौके पर वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिंह मेहता, कर्नल मनीष, ई.ओ. राजुवास पंकज सोलंकी, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अशोक डांगी, ए.एन.ओ. डॉ. सुनीता चौधरी, सीटीओ डॉ. अमित चौधरी, डॉ. राजेश नेहरा, डॉ. अरूण झिरवाल, डॉ. नीरज शर्मा जेसीओ संजय यादव, राजीव गोयल एवं विभिन्न संस्थानों से पधारे एएनओ सीटीओ एवं एनसीसी स्टाफ उपस्थित थे।

योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर

बाबा रामदेव पार्क में निःशुल्क योग शिवर में योग का अभ्यास कराया।

बीकानेर, (कासं)। युवा भारत, पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में बाबा रामदेव पार्क में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर चल रहे निःशुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर में अनेक बच्चे नियमित रूप से भाग ले रहे हैं। शिविर संचालक नंदकिशोर गहलोत ने बताया कि आज के सत्र में बच्चों ने सामूहिक हनुमान चालीसा वाचन के साथ हनुमान बैठक, राम मूर्ति बैठक व अन्य दंड बैठकों का अभ्यास किया। आने वाले कुछ दिनों में शिविर में बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया जायेगा। शिविर का समय सुबह 5:30 से 7:30 का रखा गया है।

प्रतिभाओं का सम्मान किया

उदयपुरवाटी, (निसं)। पीएमश्री के विद्यालय इंद्रपुरा ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई बोर्ड परिणाम में अपना परचम लहराया है। विद्यालय के प्राचार्य मनवीर सिंह मीना ने बताया कि कक्षा 10 का बोर्ड परिणाम लगातार आठवें वर्ष भी शत प्रतिशत रहा, इसके साथ ही कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में 91.6 फीसदी अंक लाकर लक्की सीगड़ प्रथम,भावना कंवर द्वितीय एवं दिव्या कंवर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 10 के परिणामों में 93.4 फीसदी अंकों के साथ सलीना कुरैशी प्रथम, रोहित सैनी द्वितीय,हार्दिक एवं प्रतीक तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के अच्छे परिणाम पर विद्यालय परिवार के साथ,अभिभावकों ने भी मिठाई बांटकर प्रसन्नता जाहिर की।

जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप सम्पन्न

सादुलपुर, (निसं)। द्रोणाचार्य नेशनल बॉक्सिंग एकेडेमी राजगढ में जिला जूनियर बालक-बालिका तथा जिला यूथ बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें चयनित विभिन्न भार वर्ग के मुक्केबाज स्टेट चैंपियनशिप हेतु जाएंगे। एकेडेमी में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज निशा गुलेरिया ने भी भाग लिया। ज्ञातव्य है कि निशा गुलेरिया एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट तो है ही साथ ही हाल ही में हुई वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 की भी स्वर्ण पदक विजेता यानी वर्ल्ड चैंपियन है।

सौर ऊर्जा से चलेगा एसटीपी, सालाना डेढ़ करोड़ की बचत

- वर्तमान में प्रतिदिन 6 से 7 हजार यूनिट प्रतिदिन विद्युत उत्पादन की क्षमता इस सौर ऊर्जा प्लांट की है

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम का बल्लभ गार्डन स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अब सौर ऊर्जा से संचालित होगा। प्रोजेक्ट के तहत एसटीपी परिसर में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित होने के साथ विद्युत कंपनी को सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली देने और बिजली लेने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

उम्मीद है एक पखवाड़े में यह एसटीपी सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली से संचालित होना शुरू हो जायेगा। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में प्रतिदिन 6 से 7 हजार यूनिट प्रतिदिन विद्युत उत्पादन की क्षमता इस सौर ऊर्जा प्लांट की है। यह प्लांट प्रतिदिन 12 हजार यूनिट विद्युत उत्पादन के लिए तैयार हुआ है। बल्लभ गार्डन एसटीपी के संचालन पर निगम वर्तमान में प्रतिमाह करीब 12 लाख रुपए विद्युत उपभोग के लिए राशि खर्च कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन प्रारंभ होने से निगम को इस राशि की बचत होगी। हर साल करीब डेढ़ करोड़ रूपए बचेंगे। एसटीपी संचालन के लिए निगम को विद्युत के लिए राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी।

बल्लभ गार्डन एसटीपी के संचालन के लिए प्रतिदिन औसत अनुसार चार हजार यूनिट बिजली की खपत होती है। अधिकारियों के अनुसार सौर ऊर्जा प्लांट से प्रतिदिन 6 हजार से अधिक यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। अधिक बिजली की राशि जमा होती रहेगी।

सर्दियों के दिनों में अगर इस प्लांट से बिजली का उत्पादन कम होता है, तो यह राशि उपयोग में आती रहेगी। निगम को बिजली उपभोग पर अतिरिक्त राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी। निगम जिस राशि पर बिजली कंपनी से बिजली खरीदेगा उसी राशि पर सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली कंपनी को देगा। एसटीपी परिसर में स्थापित किए गए सौर ऊर्जा प्लांट से इतनी बिजली उत्पन्न होगी, जितनी इस प्लांट के संचालन के लिए वर्तमान में आवश्यक है। इस प्लांट की क्षमता 40 एमएलडी है। जबकि प्लांट में करीब 16 एमएलडी पानी ही पहुंच रहा है। इस पानी को शोधित करने के लिए एक दिन में जितनी बिजली की जरूरत होगी, सौर ऊर्जा प्लांट से उतनी बिजली का उत्पादन होगा।

नगर निगम क्षेत्र में तीन स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हो रहे हैं। इनमें बल्लभ गार्डन एसटीपी पहला ऐसा एसटीपी होगा, जिसके संचालन के लिए आवश्यक बिजली का उत्पादन सौर ऊर्जा से होगा। शहर में सुजानदेसर और पूगल रोड निगम गौशाला के पास भी एसटीपी संचालित हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि बल्लभ गार्डन एसटीपी में वर्ष 2020 में सौर ऊर्जा प्लांट प्रारंभ होना था, लेकिन कई कारणों से इसमें देरी होती गई। संभागीय अधीक्षण अभियंता ललित ओझा के अनुसार बल्लभ गार्डन क्षेत्र में संचालित हो रहा एसटीपी बीकानेर संभाग का पहला ऐसा एसटीपी है।

टैगोर में मातृत्व दिवस मनाया

झुंझुनूं,(निसं)। मंडावा रोड स्थित द टैगोर स्कूल में मातृत्व दिवस मनाया गया। संस्था की एकेडमिक डायरेक्टर नेहा शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस दौरान नन्हें बच्चों द्वारा नृत्य, नाटक, ड्रामा सहित कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बच्चों की माताओं ने भी बढ - चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं का तिलाकार्चन कर पैर धोए और माताओं को बेस्ट मॉम का टैग दिया गया। समारोह में बच्चों द्वारा ड्रामा का मंचन किया गया। जिसमें ये बताया गया कि किस तरह माता - पिता के बुजूर्ग हो जाने पर उनकी देखभाल की बजाय उन्हें अनाथ आश्रम में छोड दिया जाता है। बच्चों द्वारा किया गया ड्रामा समारोह में आई माताओं को सबसे अधिक प्रिय लगा। जिसने सभी की आंखें नम कर दी। इसके बाद माताओं के संग बच्चों की नृत्य प्रस्तुति हुई। जिसमें माताओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। माताओं के साथ किया गया बच्चों का परफॉर्मेंस ने सभी का दिल छू लिया। एकेडमिक डायरेक्टर नेहा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में रैंप वॉक, डांस सहित अनेक प्रतिगिताएं हुई।

रात आठ बजे बाद भी शराब की बिक्री

- रात आठ बजे शराब ठेकेदार दुकानें सामने से तो बंद कर देते हैं, लेकिन पीछे के दरवाजे एवं खिड़कियों से शराब का बेचान जारी रहता है

बीकानेर, (कासं)। शहर से गांव तक रात आठ बजे के बाद भी शराब बिक्री चालू है। ठेके पर ग्राहकों से निर्धारित दाम से ज्यादा वसूले जा रहे हैं। क्योंकि वे निर्धारित समय के बाद आ रहे हैं। आबकारी विभाग और पुलिस की अनदेखी के चलते ठेकेदारों ने दूरस्थ इलाकों में अवैध ब्रांचें खोल रखी हैं।

यहां देर रात तक शराब की अवैध तरीके से बिक्री बेखौफ की जा रही है। सरकार के तय समय यानी रात आठ बजे शराब ठेकेदार दुकानें सामने से तो बंद कर देते हैं, लेकिन पीछे के दरवाजे एवं खिड़कियों से शराब का बेचान जारी रहता है। इसका खुलासा आबकारी विभाग की पिछले दिनों हुई कार्रवाई में भी सामने भी आ चुका है। इसके बावजूद विभाग फिर से आंखें मूंद कर बैठ गया है। शराब का अवैध कारोबार करने वाले लोग किराना की दुकान, चाय की थड़ी एवं पान की दुकानों को कैरियर की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां पर चोरी-छिपे शराब बेची जा रही है।

इन जगहों पर 24 घंटे शराब उपलब्ध है। इतना ही नहीं कई लोगों ने शराब सरकारी गोदाम से धीरे-धीरे खरीद कर स्टॉक जमा कर लिया है और अब महंगे दामों पर बेच रहे हैं। शहर के जस्सूसर गेट, कोटगेट, हरोलाई हनुमान मंदिर, नत्थूसर गेट, मुरलीधर व्यास कॉलोनी, गंगाशहर नोखा रोड, घड़सीसर रोड, जयनारायण व्यास कॉलोनी, बीछवाल आरटीओ ऑफिस मोड़ के पास, गजनेर रोड, सर्वोदय बस्ती, शिवबाड़ी रोड, जयपुर रोड़ पेट्रोल पंप के पास, एमएन हॉस्पिटल रोड, भुट्टों का चौराहा रोड सहित अनेक जगहों पर शराब देर रात तक आसानी से उपलब्ध हो रही है।

गोचर भूमि में बदमाश ने लगाई आग

- फायर ब्रिगेड और स्कूली विद्यार्थियों के सहयोग से आग पर पाया काबू

सादुलपुर, (निसं)। देवीपुरा गांव की गोचर भूमि में खड़े कूचों में कोई अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार सुबह आग लगा दी तथा तेज हवाओं के कारण देखते-देखते सूखे कूंचे आग से जलने लगे। आसमान में धुआं देखकर ग्रामीणों को पता चला कि आग गांव के नजदीक ही लगी है तथा गांव की ओर बढ रही है।ऐसी स्थिति में ग्रामीणों ने सरपंच को फोन पर सूचना दी। सरपंच ने तुरंत पुलिस को सूचना की तथा पुलिस फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंची एवं ग्रामीण तथा स्कूली विद्यार्थियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर मौके पर पहुंचकर धूल मिट्टी से गांव के नजदीक जल रहे कुचों को बुझाने का प्रयास किया। सरपंच चांदकौर सहित गांव के सरपंच प्रतिनिधि मनोज बाडेटिया, महेंद्र सिंह, भरत सिंह, अशोक कुमार, कुरडा राम, सुरेश कुमार, श्री राम, शीशराम हंसराज आदि ने बताया कि गांव में स्थित स्कूल के पीछे तथा ग्राम पंचायत भवन के आसपास मंगलवार सुबह 6.30 बजे लगभग किसी अज्ञात व्यक्ति ने हजारों की संख्या में गोचर में खडे कुचों में आग लगा दी।

ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले भी ऐसी घटना हुई थी। जिसमें कुछ कूंचे जलकर राख हो गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि सूखे हुए कूंचे जिसको स्थानीय भाषा में सरकणा बोलते हैं जो जल्दी आग पकड़ते हैं। तेज हवाओं के कारण देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर आग गांव में पहुंच जाती तो बहुत बडी अनहोनी घटना घटित हो सकती थी।

लेकिन समय पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंच गई। जिसके कारण आग पर काबू पा लिया गया। वहीं सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने थाना अधिकारी को लिखित शिकायत कर घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

फसल अवशेष जलाने की जांच कर समिति ने रिपोर्ट दी

- कृषकों को भी भविष्य में फसल अवशेष न जलाने के लिये पाबंद किया गया

श्रीगंगानगर, (कासं)। उपखण्ड अधिकारी श्रीगंगानगर द्वारा प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में क्षेत्र में फसल अवशेष जलाने की घटना की जांच हेतु कृषि विभाग द्वारा गठित समिति ने मंगलवार को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

समिति में शामिल बृजलाल शर्मा नायब तहसीलदार श्रीगंगानगर, सुशील कुमार शर्मा सहायक निदेशक कृषि गंगानगर, सुखदीप सिंह गोदारा भू अभिलेख निरीक्षक, बोहड़ सिंह भू अभिलेख निरीक्षक, सुशील कुमार बेदी सहायक कृषि अधिकारी, श्रीमति अमनदीप पटवारी, रेणुका पटवारी, सुधीर कुमार कृषि पर्यवेक्षक, हरजिन्द्र सिंह चक 2 एफ बड़ा, शिवलाराम पुत्र खानचन्द चक 2 एफ बड़ा, नन्दलाल, रेणुबाला कालियां के खेत में गेहूं फसल के अवशेष कृषकों द्वारा जलाना पाया गया।

उन्होंने बताया कि कृषकों को मौके पर पंहुचने का आग्रह किया गया। सभी कृषकों तथा मौके पर उपस्थित अन्य कृषकों को भी भविष्य में फसल अवशेष न जलाने के लिये पाबंद किया गया। इस अवसर पर मौजूद सरपंच ग्राम पंचायत खाटलबाना द्वारा भी गुरूद्वारा व मन्दिर के माध्यम से सभी कृषकों को फसल अवशेष नहीं जलाने संबंधी प्रचार करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर ही जांच रिपोर्ट तैयार कर उपखंड अधिकारी को हेतु प्रेषित की गई।

आमजन की जागरूकता से ही खत्म होगा समाज से नशे का अभिशाप : कलेक्टर

गंगानगर कलेक्टर लोकबंधु ने नशा मुक्त अभियान की बैठक को संबोधित किया।

- विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने कहा है कि समाज में नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिये जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन सीमा के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित कर समाज में जनजागृति बढ़ाने की आवश्यकता है। आमजन की जागरूकता से ही समाज से नशे रूपी अभिशाप को खत्म किया जा सकता है।

जिला कलेक्टर कलेक्ट्रेट सभाहॉल में आज नशा मुक्त अभियान के तहत आयोजित ऑपरेशन सीमा से संबंधित बैठक में आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृति को रोकने में ड्रग कन्ट्रोलर की अहम भूमिका है। शिक्षा विभाग के अधिकारीगण व गुरूजन भी शिक्षण संस्थाओं में नशे रूपी बुराई को रोकने के लिये विद्यार्थियों को जागरूक करें तथा नशे से होने वाले नुकसान से सचेत करें। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति सामाजिक, मानसिक व आर्थिक रूप से कमजोर होता है।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर उन्हें नशे की बुराई से अवगत करवाया जाये। इसमें एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, सामाजिक संगठन व जागरूक नागरिकों का सहयोग लिया जाये। सभी विभाग व संगठन सामूहिक रूप से समन्वय बनाकर इस बुराई को जड़ से खत्म करने का कार्य करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि पुलिस, ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और नशा मुक्ति क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला एवं बाल विकास, महिला अधिकारिता विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, भारत स्काउट गाइड एवं हिन्दुस्तान स्काउट गाइड तथा एनसीसी को अभियान संचालन के लिये जो दायित्व दिये गये है, उनकी अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाये। बैठक में अवगत करवाया गया कि नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत जिले में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा ऑपरेशन सीमा चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत, राजकीय व निजी स्कूलों, कॉलेजों में नशा मुक्ति हेतु जागरूकता कार्यक्रम जारी हैं।

'निस्तारण से पूर्व एक बार परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क जरूर करें'

हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने जिले के अधिकारियों को समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

हनुमानगढ़, (कासं)। सभी विभाग राज-काज के माध्यम से पत्रावलियों का संधारण करें तथा ई- फाइलों का समयबद्ध निस्तारण करें। सभी अधिकारी संपर्क पोर्टल पर नियमित रूप से लंबित प्रकरण चैक करें और शिकायतों को संवेदना के साथ, संतुष्टि प्रतिशत को बढ़ाते हुए निस्तारित करें।

निस्तारण से पूर्व एक बार परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क जरूर करें। जिन जिला स्तरीय अधिकारियों का निस्तारण समय अधिक है। उसे औसत 10 दिन करने के निर्देश दिए गए। यह निर्देश जिला कलेक्टर काना राम ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में पेयजल, सिंचाई, विद्युत, मौसमी बीमारियों सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, समस्या और उनके समाधान हेतु आयोजित बैठक में दिए।

कानाराम ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि अस्पतालों का लगातार निरीक्षण किया जाए तथा मनरेगा साइटों पर लू और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एएनएम के माध्यम से मजदूरों को जागरूक किया जाए। जिले में मलेरिया, डेंगू आदि के सैंपलों की संख्या बढ़ाई जाए। जिला कलेक्टर ने वर्षा से पहले मंडी यार्ड के नाले और शहर के अन्य बड़े नालों की सफाई करने, पूरे शहर में फोगिंग को तीव्रता से करने के निर्देश दिए। बाजार में रात को सफाई अभियान चलाने, सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने, अवैध होर्डिंग को हटाने, पॉलिथीन उपयोग को रोकने हेतु व्यापार मंडल की सहायता से अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम अच्छा है। आपको समय के साथ ढलना होगा। आप पता हैं कि ऐसा दूसरे खेलों में भी होता है। इसने आईपीएल में रोमांचक मैच कराने में योगदान दिया है। आपको समय के साथ ढलना होगा और मुझे लगता है कि यह अच्छा नियम है। – रवि शास्त्री

भारतीय टीम के पूर्व कोच, इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बारे में कहा।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — मनिका बत्रा

भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने महिला एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वोच्च विश्व रैंकिंग हासिल करते हुए 24वां स्थान हासिल किया है। नवीनतम अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ रैंकिंग मंगलवार को जारी की गई। यह पहली बार है कि कोई भारतीय महिला एकल में शीर्ष 25 में पहुंची है। विश्व रैंकिंग में मनिका की स्थिति में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है, उन्होंने अपने सऊदी स्मैश अभियान के बाद 15 स्थानों की एक लंबी छलांग लगाई। मनिका बत्रा ने एकल टेबल टेनिस में किसी भारतीय द्वारा हासिल की गई सर्वोच्च रैंक के साथियान गणानाशेखरन के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है।

क्या आप जानते हैं ?... 8 दिसंबर, 1981 को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच निर्धारित मैच विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के कारण रद्द कर दिया गया था।

दिल्ली की जीत से राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में पहुंची

लखनऊ को 19 रन से हराया, ईशांत शर्मा को 3 विकेट, पोरेल और स्टब्स की फिफ्टी

नयी दिल्ली, 14 मई। दिल्ली कैपिटल्स ने -2024 के 64वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हराया। दिल्ली की जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई हो गई है। इस जीत से दिल्ली 14 पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है। कैपिटल्स के 14 अंक हो गए हैं। वहीं, लखनऊ 12 अंक के साथ 7वें नंबर पर है। लखनऊ को अगला मैच जीतना ही होगा। अरुण जेटली स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। दिल्ली ने होमठाउंड पर 20 ओवर में 4 विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में लखनऊ 20 ओवर में 9 विकेट पर 189 रन पर ऑलआउट हो गई। ईशांत शर्मा ने 3 विकेट झटके। अक्षर, कुलदीप, मुकेश और ट्रिस्टन स्टब्स ने एक-एक विकेट लिए। से निकोलस पूरन ने 61 रन की पारी खेली। अरशद खान ने नाबाद 58 रन बनाए।

से अभिषेक पोरेल ने 33 बॉल पर 58 रन की पारी खेली, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 बॉल पर नाबाद 57 रन स्कोर किए। शाई होप ने 38 और कप्तान ऋषभ पंत ने 33 रन बनाए। नवीन-उल-हक ने 2 विकेट झटके। अरशद खान और रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट मिला। आज यहां अरुण जेटली स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर मक्गर्क (शून्य) का विकेट गवां दिया। अशरद खान ने जेक फ्रेजर को नवीन उल हक के हाथों कैच आउट कराकर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अभिषेक पोरेल और शे होप ने पारी को संभाला।

द्रविड़ के बाद लक्ष्मण कोच के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प

जस्टिन लैंगर व गौतम गंभीर भी रेस में

नई दिल्ली, 14 मई। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिये सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। बता दें कि, राहुल द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं जबकि 26 मई को आईपीएल फाइनल है। इससे लगता है कि बोर्ड नये कोच की तलाश में है। नये कोच के लिये कुछ विकल्प इस प्रकार हो सकते हैं। अगर वीवीएस लक्ष्मण आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे। 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं। द्रविड़ के अवकाश पर होने पर उन्होंने सीनियर टीम की कोचिंग भी की है। उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में सीरीज खेली है।

पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके कोच रहते केकेआर ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है और तालिका में शीर्ष पर है।अब देखना यह है कि उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिये आवेदन करता है या नहीं।

वैसे केकेआर और उसके मालिक शाहरूख खान से उनका भावनात्मक लगाव उन्हें ऐसा करने से रोक भी सकता है। इसके अलावा विराट कोहली का अगले तीन साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है। एशेज और टी20 विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक और शारीरिक रूप से काफी दबाव वाला काम है।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान, नजमुल हुसैन बने कप्तान

बांग्लादेश, 14 मई। बांग्लादेश ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान नजमुल हुसैन की अगुवाई वाली टीम में पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन की वापसी हुई है। वह 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद से टीम से बाहर हैं। बांग्लादेश को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, नीदरलैंड और नेपाल के साथ रखा गया है। बांग्लादेश अपने अभियान की शुरुआत 7 जून को श्रीलंका के खिलाफ करेगा। दूसरी ओर, बांग्ला टाइगर्स 16 जून को टी20 वर्ल्ड कप के अपन अंतिम ठ्रुप स्टेज में नेपाल से भिड़ेगा। टीम मे नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्य सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीन ह्रदोय, महमुदुल्लाह रियाद, जेकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साबिक शामिल है।

टी-20 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल के लिए नहीं होगा कोई रिजर्व-डे

अमेरिका, 14 मई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शेड्यूल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल के लिए कोई रिजर्व डे नहीं होगा। आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल के लिए 250 मिनट का अतिरिक्त समय आवंटित किया है, ताकि मैच उसी समाप्त हो सके। ये बात पहले ही सामने आ गई है कि अंतिम 4 में पहुंचने पर दूसरा सेमीफाइनल भारतीय टीम खेलेगी। ऐसे में ये खबर भारतीय टीम के लिए झटका है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल 27 जून को खेला जाना है। ऐसे में रिजर्व डे पर मैच चला जाता तो दूसरा सेमीफाइनल और फाइनल 24 घंटे से भी कम के अंतर पर होता। अब जानकारी सामने आई है कि 27 जून को मैच खत्म करने योजना बनाई गई है। मैच के लिए अतिरिक्त चार घंटे आवंटित कि गए हैं ताकि टीम को लगातार दिनों में खेलना, यात्रा करना और फिर खेलना न पडे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है। ये स्थानीय समयानुसार रात 8.30 बजे शुरू होगा। आयोजकों ने मैच के लिए एक आरक्षित दिन आवंटित किया है और यदि त्रिनिदाद में बारिश होती है, तो मैच 27 जून को खेला जाएगा।

बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी इटालियन ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में

रोम, 14 मई। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की युगल जोड़ी माटेओ अर्नाल्डी और फ्रांसेस्को पासारो की जोड़ी को हराकर इटालियन ओपन 2024 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी की क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत दर्ज है। उन्होंने 52 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी और पासारो की जोडी को 6-2, 6-2 से हराया। अगले दौर में बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का मुकाबला सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी से होगा। बोलेली और वावसोरी ने क्रिस्टोफर यूबैंक्स और जॉन पीयर्स की जोड़ी को 82 मिनट चले रोमांचक मुकाबले में 7-6(4), 6-3 के स्कोर से हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची है।

उम्मीद है भारत टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाएगा : हरमनप्रीत कौर

नई दिल्ली, 14 मई। भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। दरअसल, टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है।

वहीं हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, ''भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं।'' बता दें कि, भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बांग्लादेश को 5-0 से हरा दिया था।

हरमनप्रीत ने कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं।'' भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया।

ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, ''अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं।'' हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला में भारत की सफलता से उन्हें परिस्थितियों से अधिक परिचित होने का मौका मिला। साथ ही उन्होंने कहा, ''हां, यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।'' भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से कड़ी प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली है और यह हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भारत ने 2023 टी20 विश्व कप के बाद से दो बार बांग्लादेश दौरान किया है। पिछले साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और वनडे श्रृंखला के लिए और फिर हाल ही में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए। विश्व कप में भारत के अब तक के अनुभव के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे लगता है कि सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। एकमात्र चीज यह है कि हमने कई करीबी मैच गंवाए हैं। और इस बार उम्मीद है कि हम करीबी मैच जीत सकते हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

महान बॉक्सर माइक टायसन एक बार फिर रिंग में रखेंगे कदम, यू ट्यूबर से करेंगे मुकाबला



नई दिल्ली, 14 मई। बॉक्सिंग की दुनिया में माइक टायसन बहुद बड़ा नाम है। इस दिग्गज मुक्केबाज ने अपने पंच से कई मुक्केबाजों के करियर खत्म किए हैं। साल 2005 में अपना आखिरी मुकाबला खेलने वाले टायसन अब एक बार फिर रिंक में उतरने की ठान चुके हैं। टायसन एक बार फिर बॉक्सिर रिंग में उतरेंगे। टायसन का मुकाबला यूट्ययूबर से मुक्केबाज बने जैक पॉल से होगा। ये मुकाबला अब से दो महीने बाद यानी 20 जुलाई को टेक्सास के एर्लिंग्टन में स्थित एटी एंड टी स्टेडियम में खेला जाएगा। 1980-90 के दशक में अपने खेल से आतंकित करने वाले टायसन ने कहा कि उन्हें दो दशक बाद एक बार फिर रिंग में उतरने से किसी तरह की परेशानी नहीं है। पूर्व हैवीवेट चैंपियन टायसन ने कहा कि वापसील का फैसला लेना उनके लिए मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा कि, इसमें ज्यादा सोचना नहीं पड़ा। वह नए हैं और इस खेल में आने वाले नए खिलाड़ी हैं। मैं इस खेल जगत को इसकी गहराइयों से प्यार करता हूं मैं अभी भी ऐसा करता हूं। ये ऐसी चीज है जो मैं करना चाहता था। टायनस का पॉल से मुकाबला 8 राउंड का होगा और हर राउंड दो-दो मिनट का होगा।

तोक्यो में सिर्फ खेलकर खुशी थी लेकिन पेरिस में अधिक एकाग्र रहूंगी : दीक्षा

नई दिल्ली, 14 मई। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने जब तोक्यो खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था तो वह वहां प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थीं लेकिन तब से वह 'अधिक संतुलित और स्थिर' हो गई हैं और बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता आगामी पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है। पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपीई टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं 24 वर्षीय दीक्षा जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक से पहले यूरोप में कई टूर्नामेंट खेलेंगी।

इस सप्ताह बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स से शुरूआत करने वाली दीक्षा ओलंपिक की तैयारी के लिए कम से कम नौ टूर्नामेंट खेलेंगी और लगभग सभी टूर्नामेंट यूरोप में होंगे। दीक्षा ने 'फिट इंडिया चैंपियंस पॉडकास्ट' पर कहा, ''यहां से सभी टूर्नामेंट मेरे लिए ओलंपिक की तरह होंगे।'' उन्होंने कहा, ''मैं तोक्यो में सिर्फ प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थी। यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव, सीख और प्रेरणा थी। पेरिस में मैं केवल प्रतिस्पर्धा करने बजाय अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अधिक प्रतिबद्ध और एकाग्र हूं।'' दीक्षा बाएं हाथ की गोल्फर हैं और वह ओलंपिक में एक बार तथा बधिर ओलंपिक में दो बार हिस्सा लेने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्हें जन्म से ही सुनाई नहीं देता था। रोहतक की इस खिलाड़ी ने बधिर ओलंपिक में 2017 में तुर्की में रजत और 2022 में ब्राजील में स्वर्ण पदक जीता। वह 2019 में पेशेवर बनीं।

निकहत जरीन ने एलोर्डा कप में जीत के साथ की शानदार शुरुआत

कजाकिस्तान, 14 मई। मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन ने एलोर्डा कप 2024 टूर्नामेंट के (52 किग्रा) वर्ग में कजाकिस्तान की राखिमबर्दी झानसाया को 5-0 से हराते हुये अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। इसके साथ ही मिनाक्षी (48 किग्रा) ने भी सोमवार को कजाकिस्तान की गैसीमोवा रोक्साना पर 4-1 से जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में अनामिका ने 50 किग्रा वर्ग के मुकाबले के पहले दौर में रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के साथ झुमाबायेवा अरैलीम को हराया। इस बीच, इश्मीत सिंह (75 किग्रा) और सोनिया (54 किग्रा) वर्ग में क्रमश: कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मैंट और चीन के चांग युआन के खिलाफ 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स का मैच आज

गुवाहाटी, 14 मई। बुधवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स से टकराएगी। पंजाब की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। वहीं रियान पराग को अपने घरेलू फैंस से भव्य स्वागत की उम्मीद है। दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है।

पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेलते रहे पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है। क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है। जब भी ऐसा होगा तब पराग सीनियर टीम की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनने वाले पूर्वोत्तर के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। यहां इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए समर्थन स्वाभाविक होगा और इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ संजू सैमसन और उनकी टीम को भी मदद मिलेगी।

पाक ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराया

डबलिन, 14 मई। कप्तान बाबर आजम (75) और मोहम्मद रिजवान 56 रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने मंगलवार को आयरलैंड को तीसरे टी-20 मुकाबले में छह विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सईम अयूब (14) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 139 रनों की साझेदारी हुई। रिजवान ने 38 गेंदों में (56) और बाबर आजम ने 42 गेंदों में (75) रन बनाये। आजम खान 18 और इमाद वसीम एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने 17 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

राजस्थान के अक्षयराज सिंह राठौड़, राय सिंह व शाहरुख गौरी भारतीय हैंडबॉल टीम में

प्रियदीप सिंह कोच व अशोक शर्मा है टीम मैनेजर

यश प्रताप सिंह व मोहम्मद कलीम है टेक्निकल डेलीगेट

जयपुर, 14 मई। ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में 14 से 21 मई तक आयोजित हो रही चौथी ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप मैं भाग लेने वाली भारतीय पुरुष टीम में राजस्थान के अक्षयराज सिंह राठौड़, राय सिंह व शाहरुख़ गौरी का चयन हुआ है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय पुरुष हैंडबॉल टीम मंगलवार सुबह ताशकंद पहुँच गई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक प्रियदीप सिंह खंगारोत टीम के कोच है। टीम के मैनेजर राज्य क्रीड़ा परिषद के रोकड़ अधिकारी अशोक कुमार शर्मा है। भारतीय टीम के साथ टेक्निकल डेलीगेट के रूप में राज्य हैंडबॉल संघ के अवैतनिक सचिव यश प्रताप सिंह व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद कलीम भी गये है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं महाराणा प्रताप अवार्डी डा. तेजराज सिंह भी इस चैंपियनशिप में दलनायक के रूप में गये है।

लखनऊ के मालिक संजीव गोयंका और केएल राहुल के बीच हुई सुलह

लखनऊ, 14 मई लखनऊ सुपर जायंट्स के खेमे में सबकुछ पटरी पर लौटता नजर आ रहा है। हाल ही में फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयंका और कप्तान केएल राहुल के बीच सब कुछ तकरीबन शांत हो चुका है। सोशल मीडिया पर गोयनका और केएल राहुल के बीच सब कुछ तकरीबन शांत हो चुका है। सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका और केएल राहुल के गले मिलने की तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दोनों खुशी से मिलते दिख रहे हैं। 10 विकेट से शर्मनाक हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका भरे मैदान में केएल राहुल पर भड़कते दिखे थे। हालांकि, दोनों के बीच क्या बातचीत हुई थी वो वीडियो में सुनाई नहीं दिया था। इसके बाद से ही संजीव गोयनका को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। फैंस ने उन्हें निशाने पर ले लिया था। वहीं अब रिपोर्ट के अनुसार केएल राहुल सोमवार रात संजीव गोयनका के दिल्ली स्थित आवास पर डिनर करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों के गले लगने की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसमें केएल राहुल भी मुस्कुराते दिख रहे हैं।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो. लीग के लिए यूरोप रवाना

बेंगलुरु, 14 मई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए मंगलवार सुबह एंटवर्प, बेल्जियम के लिए रवाना हो गई। भारत वर्तमान में शीर्ष स्तर पर नीदरलैंड्स और ऑस्ट्रिलया के बाद पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के तहत बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और 12 जून को समाप्त होगा।

भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ठोट ब्रिटेन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। भारतीय टीम का 22 से 26 मई के बीच एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम ओर अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद लंदन में एक से नौ जून तक जर्मनी और ठोट ब्रिटेन के खिलाफ मैच खेलेगी। भारत वर्तमान में आठ मैचों में 15 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत जहां इस प्रतिष्ठित लीग में शीर्ष स्थान पर पहुंचने के लिए खेलेगा वहीं उनका ध्यान जुलाई में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले अपनी कमियों को पूरी तरह दूर करने पर भी होगा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम की रवानगी से पहले कहा, टीम एक और चुनौतीपूर्ण मुकाबले के लिए काफी उत्साहित है, जहां हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से भिड़ेंगे। हमने पिछले कुछ हफ्तों में साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) बेंगलुरु में एक बहुत ही गहन प्रशिक्षण शिविर में पसीना बहाया है। टीम हर स्तर पर अपना अच्छा प्रदर्शन कर रही है और प्रो लीग एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है हमारे लिए ओलंपिक से पहले अपनी खामियों को दूर करना है। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान ने कहा, ओलम्पिक में बेल्जियम और अर्जेंटीना के साथ ही आस्ट्रेलिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड भी हमारे पूल में हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलावार को रोहतक (हरियाणा) से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद कुमार शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस की रीतियों एवं नीतियों की जमकर आलोचना की और कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव देश-दुनिया में खूब बढ़ा है।

'कांग्रेस की नीति और नियत ठीक न होने से जनता ने दिखाया बाहर का रास्ता'

मु.मंत्री भजनलाल ने रोहतक में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा

बहादुरगढ़, 14 मई (का.सं.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ में रोहतक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद कुमार शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार और आतंकवाद की एक भी घटना सामने नहीं आई है। मोदीजी जनता को 100 रुपये भेजते हैं तो उनके खाते में 100 रुपये ही पहुंचते हैं, बीच में कट नहीं लगता। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने अपनी हर दिवाली सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ मनाकर उनका हौसला बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद कुमार शर्मा को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि, भाजपा के प्रत्याशियों को दिया हुआ एक-एक

- **मुख्यमंत्री भजनलाल इस समय हरियाणा के चुनावी दौरे पर हैं और मंगलवार को उन्होंने रोहतक के भाजपा प्रत्याशी अरविन्द शर्मा के लिए सभा की।**

वोट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को मिलेगा और वे तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनकर भारत को प्रगति की नई बुलंदियों तक पहुंचायेंगे।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि, कांग्रेस भ्रष्टाचार, आतंकवाद, नक्सलवाद, तुष्टीकरण और गरीबी की जननी है। इस पार्टी को सबसे ज्यादा समय सत्ता में रहने का मौका मिला मगर गरीबों की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार का आलम यह था कि, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी कहते थे कि, दिल्ली से हम 1 रुपया भेजते हैं तो जनता तक 15 पैसे ही पहुंचते हैं। आतंकवाद के कारण लोग डर के साये में जीते थे। आंतकवादी आये दिन बम फोड़कर चले जाते थे। देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के सिर भी काट दिए जाते थे। शर्मा ने कहा कि, वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। गरीब कल्याण और देश के विकास के साथ ही दुनिया में भारत का गौरव भी बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस 70 साल से गरीबी हटाओ का नारा दे रही है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी के बाद अब राहुल गांधी भी गरीबी हटाने की बात कर रहे हैं, मगर गरीबों से इनका कोई वास्ता नहीं है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने गरीब कल्याण की योजनाएं चलाकर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है और लगभग 50 करोड़ लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, एक समय पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक कांग्रेस का वर्चस्व था, मगर इनकी नीति और नियत ठीक नहीं होने के कारण जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा कि कांग्रेस स्वार्थ और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है तो उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर जनसंघ का गठन किया और उनके राष्ट्रवाद के सिद्धांत पर चलते हुए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है।

टैलिकॉम कंपनियां अब ग्राहकों को प्रमोशनल कॉल्स नहीं कर सकेंगीं

ट्राई ने टैलिकॉम कंपनियों के खिलाफ प्रमोशनल कॉल्स करने पर जुर्माना लगाने का नियम लागू किया

नई दिल्ली, 14 मई। टैलिकॉम रैगुलेरिटी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने मोबाइल फोन सब्सक्राइबर्स को प्रमोशनल कॉल्स से निजात दिलाने के लिए सरकार की ओर से जरूरी कदम उठाए गए हैं। टेलिकॉम ऑपरेटर्स से कहा गया है कि वे इस महीने तक प्रमोशनल कॉल्स पर लगाम लगाएं और ऐसा ना करने की स्थिति में बड़ा जुर्माना लगाया जाएगा।

मामले से जुड़े दो लोगों ने कहा है कि अनरजिस्टर्ड मोबाइल नंबर्स से प्रमोशनल कॉल्स करने की स्थिति में उनपर जुर्माना लगेगा और उनकी ओर से किए जा रहे कॉल्स को गलत ट्रेड प्रैक्टिस का हिस्सा माना जाएगा। यह पहली बार है जब टेलिकॉम ऑपरेटर्स पर ग्राहकों की प्राइवेसी और अधिकारों का हनन करने के लिए पेनाल्टी लगाए

- **टेलिकॉम ऑपरेटर्स को ऐसे कॉल्स की आइडेंटिटी दिखाने के लिए कहा गया है, जिससे ग्राहक तय कर सकें कि, उन्हें कॉल रिसीव करना है या नहीं।**
- **टेलिकॉम ऑपरेटर्स को ऐसे कॉल्स की आइडेंटिटी दिखाने के लिए कहा गया है, जिससे ग्राहक तय कर सकें कि उन्हें कॉल रिसीव करना है या नहीं।**

जाने की बात कही गई है। उम्मीद है कि ऐसी स्थिति में प्रमोशनल कॉल्स पर लगाम लगाई जा सकेगी।

मोबाइल सब्सक्राइबर्स को अभी इंडिविजुअल्स की ओनरशिप वाले 10 डिजिट के अनरजिस्टर्ड नंबरों से ढेरों प्रमोशनल कॉल्स किए जा रहे हैं और इनके जरिए कॉमर्शियल मेसेजेस भेजे जाते हैं। हालांकि ये नंबर कॉमर्शियल यूज के लिए रजिस्टर्ड नहीं होते और इनका इस्तेमाल प्रमोशनल कॉल्स के लिए नहीं किया जाना चाहिए। अब ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

टेलिकॉम कंपनियों पर भारी जुर्माना लगाने का फैसला पिछले सप्ताह स्टेकहोल्डर्स के साथ हुई मीटिंग के बाद लिया गया। इस मीटिंग में दूरसंचार विभाग, टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया , भारत संचार निगम लिमिटेड, एयरटेल, वोडाफोन और रिलायंस जियो से जुड़े लोग शामिल हुए।

सभी ने मिलकर सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के नियमों का पालन करने का फैसला किया है, जो सीधे डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स को सपोर्ट करता है।

ड्राफ्ट गाइडलाइन्स में कहा गया है कि जिन कंपनियों को अनरजिस्टर्ड कॉल्स से फायदा होता है, उन्हें इनके लिए जिम्मेदार माना जाएगा। ड्राफ्ट में कॉल करने वालों को कमीशन एजेंट माना गया है, जो अलग-अलग बैंक्स, इंश्योरेंज कंपनियों और रियल-स्टेट फर्म्स से जुड़े हो सकते हैं।

टेलिकॉम ऑपरेटर्स को ऐसे कॉल्स की आइडेंटिटी दिखाने के लिए कहा गया है, जिससे ग्राहक तय कर सकें कि उन्हें कॉल रिसीव करना है या नहीं।

यशवन्त ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक रैली में पहली बार कांग्रेस का दुपट्टा पहने हुए नज़र आए। इस जनसभा को इंडिया गठबंधन के नेताओं सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी संबोधित किया था।

हजारीबाग में 20 मई को वोट डाले जाएंगे, वहाँ का टिकट जयंत सिन्हा को देने से भाजपा के हाईकमान ने मना कर दिया और वहाँ से पार्टी के विधायक मनीष जायसवाल को कांग्रेसी उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया।

1998 के बाद से यह पहला अवसर है जब हजारीबाग में यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। इस पर कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि "इसी वजह से इस परिवार के एक सदस्य ने कांग्रेस जॉइन की है ताकि सिन्हा परिवार के परम्परागत वोट बैंक को कांग्रेस की तरह खिंचा जा सके।"

'गलवान में भारत और चीन की सेनायें एल.ए.सी. से बहुत आगे तैनात हैं'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्वीकार किया कि, यह असामान्य स्थिति है

नई दिल्ली, 14 मई। चीन और भारत के बीच एलएसी सीमा विवाद काफी लंबे समय से जारी है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बलों की तैनाती असामान्य है। देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। जयशंकर मंगलवार को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ने गलवान झड़प का जवाब वहां बलों की जवाबी तैनाती से दिया। जयशंकर ने कार्यक्रम में बताया कि 1962 की जंग के बाद 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने

- **विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि, चीन ने ही एल.ए.सी. के पार सेना खड़ी करने की शुरुआत की, भारत ने भी चीन की तैनाती का कड़ा जवाब दिया। हमने भी अपनी सेनाएं वहां तैनात कीं। पिछले चार साल से सेनाएं गलवान में सामान्य बेस पोज़ीशन से आगे तैनात हैं।**

चीन की यात्रा की। इसका उद्देश्य स्पष्ट था कि चीन और भारत संबंधों को सामान्य बनाएंगे। यात्रा का उद्देश्य सीमा मतभेदों पर चर्चा करने के साथ-साथ सीमा पर शांति के बनाए रखना था। लेकिन 2020 में चीनियों ने इस समझौते को तोड़ दिया। भारत कोविड-19 लॉकडाउन में था, ऐसे समय पर चीन ने सीमा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात कर दी। अब चीजें बदल गई हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत ने भी चीन की तैनाती का कड़ा जवाब दिया। हमने भी अपनी सेनाएं वहां तैनात की। पिछले चार साल से सेनाएं गलवान में सामान्य बेस पोजीशन से आगे तैनात हैं। एलएसी पर यह तैनाती असामान्य है। तनाव को देखते हुए, भारतीय नागरिक के रूप में हमें देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। चीन के साथ संघर्ष आर्थिक चुनौती भी है। हाल ही में, चीन ने अरुणाचल प्रदेश के मौजूद स्थानों के नाम बदल दिए थे। चीन के इस दावे को जयशंकर ने खारिज करते हुए कहा था कि नाम बदलने से कोई असर नहीं पड़ेगा। वे भी जानते हैं कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

ई.वी. चार्जिंग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नियमों को रद्द करें।

मामले के तथ्यों के अनुसार इस याचिका में कहा गया था कि केंद्र सरकार की 2022 की नीति व गाइड लाइन के अनुसार अलग-अलग प्रदेशों की डिस्कॉम्स को प्रदेशों में "इकोसिस्टम" स्थापित करना होगा। याचिका में कहा गया कि इस नीति के अनुसार भारत सरकार का उद्देश्य है कि वर्ष 2030 तक देशभर में सभी वाहनों की कुल संख्या का 30 प्रतिशत ई.वी.हों। परंतु याचिकाकर्ता बी.पी.सी.एल. के वकील शशांक अग्रवाल ने अदालत को कहा कि उसके मुवक्किल को प्रदेश की डिस्कॉम्स की नीतियों के अनुसार 60 से 200 किलोवॉट क्षमता रखने वाले 100 'रिटेल आउटलेट' यानी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिये समर्पित एच.टी. लाइन लगानी होंगी और 100 से अधिक ट्रांसफार्मर भी खरीदने होंगे। उन्होंने अदालत को बताया कि इस नीति से ई.वी. के लिये चार्जिंग स्टेशन का आधारभूत ढ़ांचा स्थापित करना अव्यवहारिक और आर्थिक रुप से असंभव है।

उन्होंने अदालत को कहा कि बी.पी.सी.एल. प्रदेश में नीति के बदलाव को अग्रसर करने के लिये यह याचिका दायर कर रही है। इस सुनवाई के दौरान ही जयपुर विद्युत वितरण निगम (जे.वी.वी.एन.एल.) सहित सभी विद्युत वितरण निगमों ने स्वयं ही 31 जनवरी से 4 मार्च के बीच आदेश पारित कर दिये थे और नियामक आयोग में दर्ज भी करवा दिए थे, जिसके तहत हर तरह के ई.वी. चार्जिंग स्टेशन (200 किलोवॉट क्षमता तक) स्थापित करने के लिये एल.टी. वायर उपयोग में लिये जा सकेंगे। सभी निगमों ने आदेश में यह भी कहा कि चार्जिंग स्टेशन की स्थापना के लिये लगाये जा रहे ट्रांसफार्मर का केवल किराया ही रीटेल आउटलैट लगाने वाले को देना होगा, जिसमें भी तीन प्रतिशत डिस्कांउट दिया जायेगा। निगमों द्वारा दिये गये इस नोटिफिकेशन के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका राहत पाने के बाद वापिस ली।

18 साल से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याचिकाकर्ता को अब तक पट्टा जारी नहीं किया गया है और याचिकाकर्ता पर अविश्वास करने का भी कोई कारण नहीं है।

याचिका में अधिवक्ता दिनेश यादव ने अदालत को बताया कि, याचिकाकर्ता ने शास्त्री नगर स्थित आर.पी.ए. रोड पर वर्ष 2006 में नगर निगम की खुली नीलामी में करीब 140 वर्ग मीटर का भूखंड खरीदा था। जिसकी संपूर्ण राशि उसी वर्ष जमा करा दी गई थी। इसके बावजूद भी उसे अब तक इस जमीन का पट्टा नहीं दिया गया।

जबकि बीते 18 सालों में वह नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से कई बार पट्टा जारी करने की गुहार कर चुका है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को यह भी जानकारी दी गई कि, याचिका पर सुनवाई करते हुए गत सुनवाई को नगर निगम ग्रेटर को नोटिस भी जारी किए गए थे और संबंधित अधिकारी पर नोटिस भी तामील हो गए थे, लेकिन उनकी ओर से अदालत में कोई पेश नहीं हुआ है। मामले की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को एक सप्ताह में पट्टा जारी नहीं करने पर डी.एल.बी. निदेशक को पेश होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।

दूसरे, तीसरे से बेहतर हुआ चौथे चरण में मतदान

चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में लोकसभा की 96 सीटों पर 67 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ

नई दिल्ली, 13 मई (वार्ता)। लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों पर 67.71 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चौथे चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 28 सीटों पर मतदान कराया गया। चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार रात 12 बजे तक उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में क्रमश: 78.36 और 73.97 प्रतिशत मतदान हुआ।

चौथे चरण की सभी सीटों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। कुछ स्थानों पर मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया था। आयोग के सूत्रों ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा।

- **चौथे चरण में सर्वाधिक 78.44 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ, जबकि, आंध्रप्रदेश में 78.25, बिहार में 57.06 प्रतिशत, झारखंड में 65.31, मध्यप्रदेश में 70.98 प्रतिशत महाराष्ट्र में 59.64, ओडिशा में 73.97, तेलंगाना 64.46, उत्तर प्रदेश में 58.05 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।**

जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट सहित कई निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गयीं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से मतदाता अपनी परम्परागत वेशभूषाओं में देखे गये।

चौथे चरण में सर्वाधिक 78.44 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ जबकि आंध्रप्रदेश में 78.25, बिहार में 57.06 प्रतिशत, झारखंड में 65.31, मध्यप्रदेश में 70.98 प्रतिशत महाराष्ट्र में 59.64, ओडिशा में 73.97, तेलंगाना 64.46, उत्तर प्रदेश में 58.05 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 रद्द किये जाने के बाद हो रहे पहले चुनाव में श्रीनगर सीट पर करीब 38 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

चौथे चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही 543 सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों में 379 पर मतदान की प्रक्रिया हो चुकी है। चौथे चरण के चुनाव में लोकसभा की 96 सीटों पर कुल 1717 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं, इनमें तेलंगाना में हैदराबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता का मुकाबला ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मौजूदा असदुद्दीन ओवैसी , बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, उन्नाव से साक्षी महाराज, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान, कृष्णा नगर से महुआ मोइत्रा सहित कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज हो गयी।

चौथे चरण में 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.97 करोड़ पुरुष तथा 8.73 करोड़ महिला मतदाताओं सहित कुल 17.7 करोड़ को मताधिकार प्राप्त था। मतदान के लिये कुल 1.92 लाख मतदान केंद्र स्थापित किये गये थे।

'संदेशखाली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनका प्रदर्शन इतना बेकार था कि उसके लिए कुछ भी नहीं लिखा जा सकता।

देब के खिलाफ तीन गंभीर शिकायते हैं जिनमें उन पर सांसदों को मिलने वाले विकास फंड से पैसे लेने का आरोप है।

इस बीच, शुवेन्दू अधिकारी ममता बनर्जी पर अधिक हमलावर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव में ममता बनर्जी को हराया है और उन्हें एक बार फिर हराएंगे।

संदेशखाली क्षेत्र में बढ़ता तनाव सत्तारूढ़ तृणमूल को सर्वाधिक परेशान कर रहा है। यहां के लोग एकजुट होकर राज्य सरकार डराने-धमकाने और पुलिस कार्रवाई का आरोप लगा रहे हैं।

क्षेत्र की महिलाएं रात्रि पहरा देकर ममता बनर्जी को उन्हीं की भाषा में जवाब दे रही हैं। ममता ने गत चुनाव में बंगाल की महिलाओं का आव्हान किया था कि वे जो भी मिले उसे हाथ में लेकर बाहर निकले और मुकाबला करें।

उन्होंने खासतौर पर महिलाओं से अनुरोध किया है कि वे झाड़ू लेकर बाहर आएं।

संदेशखाली की महिलाएं अपने हाथों में डंडे और झाड़ू लेकर बड़ी संख्या में रात्रि पहरा दे रही हैं, जिसकी तस्वीरें अब वायरल हो चुकी हैं।

इन महिलाओं की शिकायत है कि राज्य पुलिस और प्रशासन सत्तारूढ़ पार्टी के आदेशों पर काम कर रहा है। वैसे, कुछ महिलाओं ने तो अपनी शिकायतें वापस ले ली हैं और उन्होंने माम्पी दास नामक एक व्यक्ति का नाम लिया है जिसने उनसे कहा था कि वे अपने साथ हुए यौन दुर्व्यवहार की एफ.आई.आर. दर्ज करवाएं।

तृणमूल की धमकियों को देखते हुए मम्पी दास ने एक निचली अदालत की शरण लेकर अग्रिम जमानत की मांग की, लेकिन पुलिस हरकत में आई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने माम्पी दास को दस दिन के लिए पुलिस हिरासत में सौंपा है।

साहसी माम्पी दास ने दावा किया कि ममता बनर्जी हताश हो गई हैं। उन्हें अपनी कुर्सी जाने का भय सता रहा है।

जिंदा बम प्रकरण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जा सकती है। इस आधार पर ही आरोपी को जमानत का लाभ दिया गया है।

ए.ए.जी. शर्मा ने बताया कि, सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग आरोपी को रोजाना सुबह दस बजे से 12 बजे तक अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय में उपस्थिति देने, जेल अधिकारियों के पास पासपोर्ट जमा कराने, बिना अनुमति विदेश यात्रा नहीं करने, किसी भी गैर कानूनी संगठन में शामिल नहीं होने और किसी भी निषिद्ध गतिविधि में शामिल होने या संबंधित व्यक्तियों से संपर्क करने पर उसे पुन: गिरफ्तार करने को कहा है।

जमानत याचिका में कहा गया था कि, याचिकाकर्ता को जयपुर ब्लास्ट के मुख्य केस में बरी कर दिया गया था। इसके अलावा वह घटना के समय 16 साल और तीन माह की उम्र का था। वर्ष 2019 से वह जिंदा बम प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। जबकि कानूनन किसी भी नाबालिग आरोपी को तीन साल से अधिक की सजा नहीं हो सकती है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए।

जमानत का विरोध करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने कहा कि, आरोपी पर गंभीर आरोप हैं, ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जाए। इसके अलावा अति. महाधिवक्ता की ओर से जमानत देने पर आरोपी पर कुछ शर्त लगाने को कहा गया। इस पर अदालत ने शर्तों के साथ आरोपी को जमानत पर रिहा करने को कहा है। अति. महाधिवक्ता ने बताया कि भले की सुप्रीम कोर्ट ने उसे जमानत दे दी हो, लेकिन अहमदाबाद और सूरत धमाकों में लिप्तता के कारण वह जेल में ही रहेगा।

उत्तर प्रदेश के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बमुश्किल पांच में से एक विधानसभा सीट जीत पायी थी।

सिद्धार्थ नगर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में भाजपा पांच विधानसभा सीटों में से 2 पर ही जीत पायी थी और अमरोहा के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में हार गयी थी। कौशाम्बी के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी हार गयी थी और प्रतापगढ़ के सात में से केवल एक विधानसभा क्षेत्र में विजय हासिल हुयी थी। बारांबकी के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से भाजपा दो पर जीती थी। महत्वपूर्ण बात यह है कि अयोध्या की चार सीटों में से भाजपा केवल 2 पर ही जीत पायी थी। मुद्दा यह है कि इस चुनाव, जिसमें कोई "लहर" नहीं है, क्या भाजपा पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में वर्ष 2019 का अपना प्रभुत्व कायम रख पायेगी?

मोदी की कुल संपत्ति 3 करोड़ लेकिन खुद की गाड़ी और मकान नहीं हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में पेश किये चुनावी एफिडेविट में बताया है कि, उनके पास एस.बी.आई. में 2.89 करोड़ रुपये से अधिक की एक एफ.डी. है

वाराणसी, 14 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुल संपत्ति 3 करोड़ रुपये से अधिक है, लेकिन उनके पास अपनी कोई जमीन, घर या कार नहीं है। अपने चुनावी हलफनामे में पीएम मोदी ने ये जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को वाराणसी सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। जिसके बाद उनका चुनावी हलफनामा सामने आया है। हलफनामे में, पीएम मोदी ने कुल 3.02 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। हलफनामे में उनके पास 3.02 करोड़ रुपये से अधिक की चल और अचल संपत्ति है, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक में दो करोड़ 89 लाख 45 हजार 598 रुपये की सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) शामिल है। उनके हाथ में कुल नकदी 52,920 रुपये हैं और गांधीनगर और वाराणसी में उनके दो बैंक खातों में 80,304 रुपये जमा हैं।

पीएम मोदी के पास राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र में निवेश के रूप में 9.12 लाख रुपये हैं और उनके पास चार सोने की अंगूठियां भी हैं जिनकी कीमत दो लाख 67 हजार 750 रुपये है। उनकी आय 2018-19 में 11.14 लाख रुपये से बढ़कर 2022-23 में 23.56 लाख रुपये हो गई। वित्तीय वर्ष में उनका अनुमानित आयकर रिटर्न तीन लाख 33 हजार 179 रुपये है। अगर पिछले 5 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इनकम

- **प्रधानमंत्री मोदी की आय 2018-19 में 11.14 लाख रुपये से बढ़कर 2022-23 में 23.56 लाख रुपये हो गई। वित्तीय वर्ष में उनका अनुमानित आयकर रिटर्न तीन लाख 33 हजार 179 रुपये है।**

की बात करें तो 2018-19 में उनकी आय 11,14,230 रुपये, 2019-20 में 17,20,760 रुपये, 2020-21 में 17,07,930 रुपये, 2021-22 में 15,41,870 रुपये तो वहीं 2022-23 में प्रधानमंत्री को 23,56,080 रुपये की इनकम हुई।

प्रधानमंत्री के हलफनामे के अनुसार उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।

वहीं हलफनामे में उन्होंने अपनी पढ़ाई का भी ब्यौरा दिया है। इसके मुताबिक, नरेंद्र मोदी ने 1967 में गुजरात बोर्ड से एसएससी किया था। 1978 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली थी। 1983 में गुजरात युनिवर्सिटी से पीएम मोदी ने मास्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्नी के नाम में जशोदाबेन का नाम लिखा हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के करीब आधा दर्जन मुख्यमंत्रियों, भाजपा अध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेताओं की मौजूदगी में मंगलवार को वाराणसी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

उन्होंने कहा कि वह तीसरे कार्यकाल में नई ऊर्जा के साथ जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908